# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण प्रतिपदा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 100 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण

दीपक और लौ जैसा था जाकिर हुसैन और तबले का समीकरण ◂◂ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternationalschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373

SCHOOL NO.: 66578


Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES




## सुप्रीम कोर्ट ने युवाओं को चेताया- नशे का महिमामंडन बंद हो

# 'ड्रग्स लेना बिल्कुल भी 'कूल' नहीं'



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के युवाओं में बढ़ रही नशे की लत पर गहरी चिंता जाहिर की और युवाओं को चेताते हुए कहा कि ड्रग्स लेना बिल्कुल भी 'कूल' नहीं है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने ड्रग्स तस्करी के आरोपी अंकुश विपन कपूर के खिलाफ एनआईए जांच की मंजूरी देते हुए उक्त टिप्पणी की। अंकुश पर आरोप है कि वह पाकिस्तान से समुद्र के रास्ते भारत में होने वाली हेरोइन तस्करी में शामिल है।

नशे से देश की युवा पीढ़ी को गंभीर खतरेः जस्टिस नागरत्ना ने चेतावनी देते हुए कहा कि ड्रग्स इस्तेमाल के सामाजिक और आर्थिक खतरों के साथ ही मानसिक खतरे भी हैं। इससे देश के युवा वर्ग की चमक खो सकती है। पीठ ने युवाओं में बढ़ रही नशे की लत के खिलाफ तुरंत सामूहिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने माता-पिता, समाज और सरकारों से मिलकर इस समस्या के खिलाफ लड़ने को कहा।

तेजी से बढ़ रही नशे की लत की समस्याः देश के युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ी है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता जाहिर की। पीठ ने कहा कि ड्रग्स का असर उम्र, जाति और धर्म से परे हैं और इसके पूरे समाज और व्यवस्था पर गंभीर परिणाम होते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ड्रग्स से होने वाली कमाई से ही आतंकवाद और समाज को अस्थिर करने के लिए फंडिंग होती है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नशे का महिमामंडन बंद होना चाहिए** : पीठ ने समस्याओं से भागने वाले रवैये पर चिंता जताते हुए कहा कि इस गंभीर खतरे के खिलाफ सभी को एकजुट होना पड़ेगा। खासकर युवाओं से इस चुनौती से निपटने के लिए प्रयास करने की अपील की। पीठ ने कहा कि नशे के शिकार व्यक्ति के साथ सहानुभूति और प्यार से पेश आने की जरूरत है। ड्रग तस्करों की कमाई पर प्रहार करने की जरूरत है। ड्रग्स का महिमामंडन बंद होना चाहिए और इसके खतरों के प्रति युवाओं को जागरुक किया जाना चाहिए।

## जेएसएससी सीजीएल प्रोटेस्ट

# भारी सुरक्षा के बीच चयनित अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जारी

● जेएसएससी कार्यालय के सभी रास्ते ब्लॉक ● छावनी में तब्दील हुआ कैंपस ● मीडिया को भी अनुमति नहीं

मेट्रो रेज

**रांची (नामकुम) :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर आयोग कार्यालय के आसपास के क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। वहीं चयनीत अभ्यर्थी एक-एक कर डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए आ रहे हैं।

पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनातः प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आयोग कार्यालय के चारों ओर दो लेयर बैरिकेडिंग की गई है। कार्यालय तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों में भी बैरिकेडिंग की गई है। नामकुम चौक, खरसीदाग चौक, रामपुर चौक



पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात हैं। प्रवेश करने वाले एक-एक व्यक्ति से पूछताछ के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। मिडिया कर्मियों को भी कार्यालय के पास जाने नहीं दिया जा रहा है। सभी को कार्यालय से दूर रोका जा रहा है।

**अबतक नहीं पहुंचे प्रदर्शनकारीः** सुबह 11 बजें तक प्रदर्शनकारी नदारद दिखे। 11 बजे तक आयोग कार्यालय या आसपास एक भी प्रदर्शकारी नहीं पहुंचे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह घोषणा की थी कि वह सुबह से ही कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करेंगे और परीक्षा को रद्द करने की मांग करेंगे।

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए अभ्यर्थियों का आना जारी : कर्मचारी चयन आयोग तमाम आरोपों और विरोध के बावजूद आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए रिजल्ट प्रकाशन की ओर बढ़ रहा है। इसी क्रम में 2145 अभ्यर्थियों को डोक्युमेंट वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया था, जिसकी शुरूआत आज से हुई है। सुबह से ही जारी सूची में चयनित अभ्यर्थी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए आयोग कार्यालय पहुंच रहे हैं।

### आंदोलन स्थल से देवेंद्रनाथ महतो गिरफ्तार

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग'प्रेषित- 16/12/2024' द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आज आंदोलन हुआ। भारी पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के बीच जेएसएससी कार्यालय घेराव में छात्र अपने मांगो को लेकर जुटे। पुलिस प्रशासन में छात्रों पर लाठी चार्ज किया। आंदोलन स्थल नामकुम से लाठी चार्ज के साथ इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मीडिया फुटेज के अनुसार से देवेंद्र नाथ महतो पर लाठियां भी चटकाई गई। चोटिल अवस्था में ही उन्हें पुलिस ने जबरन डिटेन कर लिया गया है। जिससे छात्रों एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गयी।

## छत्तीसगढ़ : ट्रक और कार में भीषण टक्कर, 6 की मौत, 7 गंभीर

**बलोदः** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आज सुबह ट्रक और यात्री कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार सुबह डोंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर चौरापावड़ के पास हुई। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक अन्य वाहन को जोरदार टक्कर मारी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक जोशी ने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से राजनांदगांव मेडिकल



कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही कार को टक्कर मार दी, जिससे छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। एएसपी जोशी ने कहा कि आरोपी ट्रक चालक मौके से भाग गया और उसकी तलाश जारी है। ट्रक और कार की टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों तक कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। कार में सवार लोग डौंडी में कुम्भकार में किसी रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरेदा गांव लौट रहें थे।

## विजय दिवस पर पीएम मोदी ने सैनिकों के निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प को किया नमन



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, क्योंकि भारत ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत को चिह्नित करने के लिए विजय दिवस मनाया, जिससे बांग्लादेश की मुक्ति भी हुई। यह दिन हर साल 16 दिसंबर को मनाया जाता है, क्योंकि देश सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे देश की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। मोदी ने कहा, यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अडिग भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से समाया रहेगा।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने वीरों को श्रद्धांजलि दीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर विजय प्राप्त करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी।

मुर्मू ने पर एक पोस्ट में कहा विजय दिवस पर, मैं हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया और भारत को विजय दिलाई।


# तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन

● दुनिया में शोक की लहर, प्रधानमंत्री ने किया शोक व्यक्त ● 73 साल के हुसैन ने अमेरिका में ली अंतिम सांस

**नई दिल्लीः** मौसिकी की दुनिया में जिनके तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वो उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। 73 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रसिद्ध तबला वादक के परिवार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

परिवार ने बयान में कहा कि जाकिर हुसैन का निधन फेफड़े से संबंधी 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से हुई जटिलताओं की वजह से हुई। वह 73 वर्ष के थे। हुसैन पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था।

प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म नौ मार्च 1951 को हुआ था। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला और उनकी बेटियां अनीशा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं।



तबले की तालीम उन्होंने पिता से ही ली थी। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्होंने तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीते। पद्म विभूषण से भी नवाजे गए। तबले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में उनका अहम योगदान रहा।

परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक 5असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। हुसैन के निधन के बारे में जानकारी मिलते ही मशहूर हस्तियों ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया।

संगीत की दुनिया में मिले कई पुरस्कारः जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में 'द प्लेनेट ड्रम' और 2009 में 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी।

फिल्मों में भी अभिनय कियाः 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म 'हीट एंड डस्ट' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में 'द परफेक्ट मर्डर', 1992 में 'मिस बैटीज चिल्डर्स' और 1998 में 'साज' फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।

**तबले को इस तरह आम लोगों से जोड़ते थेः** उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, गणेश जी ने वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। ।।गणेश जी हमारे कुलदेव हैं।

**दुनिया में शोक की लहरः** ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रिकी केज ने हुसैन को उनकी अत्यंत विनम्रता, मिलनसार स्वभाव के लिए याद किया। केज ने कहा, 'भारत के अब तक के सबसे महान संगीतकारों और व्यक्तित्वों में से एक। खुद को इस मुकाम तक पहुंचाने के साथ-साथ, जाकिर जी को कई संगीतकारों के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जाना जाता था।' अमेरिकी ड्रमर नैट स्मिथ ने कहा कि हुसैन जी आपने हमें जो भी संगीत दिया, उसके लिए धन्यवाद।

# निरसा के रमेश दास इंटरप्राइजेज से 2 ट्रैक्टर सहित 150 टन कोयला जब्त



मेट्रो रेज

**निरसाः** निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर-बेनागड़िया रोड के समीप कांटावन जंगल स्थित रमेश दास एंटरप्राइजेज में शनिवार की देर रात एसडीपीओ रजत मानिक बाखला के नेतृत्व में एसओजी टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में दो ट्रैक्टर व करीब 150 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। फैक्ट्री में रात्रि पाली में तैनात कर्मी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि जिस वक्त टीम फैक्ट्री में छापेमारी करने पहुंची, उस वक्त ट्रैक्टर से चोरी का कोयला अनलोड किया जा रहा था। पुलिस जब्त कोयला समेत दोनों ट्रैक्टरों को थाना ले आई। एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि फैक्ट्री मालिक रमेश दास समेत संचालक विजय कुमार यादव व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। कोयला तस्करी में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा है। ज्ञात हो कि कोयला तस्करी के धंधे में विजय यादव उभरता नाम है। खाकपति से करोड़पति बन बैठा विजय यादव 10 15 वर्ष पूर्व एक कोयला कारोबारी का बॉडीगार्ड हुआ करता था। कुछ दिन उसके साथ रहने के कारण कोयला के वैध व अवैध कारोबार का सारा गुर सीख चुका था। पहले वह साइकिल और ट्रैक्टर से कोयला ढुलाई का काम करने लगा और देखते ही देखते कोयला तस्करों के सिंडिकेट का प्रमुख बन गया।

## निमियाघाट में अवैध कोयला लदे 6 ट्रक जब्त



**गिरिडीह :** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के असुरबांध के समीप शनिवार की रात अवैध कोयला लदे 3 बारह चक्का ट्रक व 3 पिकअप वैन को युवाओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। हालांकि पुलिस उक्त ट्रकों को जांच के क्रम में घुटवाली से पकड़ने की बात कह रही है। ट्रकों पर कुल करीब 200 टन अवैध कोयला लदा है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी में थी। बताया गया कि शनिवार की रात ग्रामीणों को गुरुटांड़ के जंगल में अवैध कोयला डिपो संचालन की जानकारी मिली। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि तीन ट्रक व तीन पिकअप वैन में कोयला लोड किया जा रहा है। युवकों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर कोयला सहित 6 ट्रकों को जब्त कर लिया। रविवार की दोपहर ट्रकों को थाना लाया गया। सूत्रों के अनुसार, गुरुटांड़ जंगल में नवंबर से ही अवैध कोयले का भंडारण कर मंडियों में भेजा जा रहा था। कोयला तस्करी के इस धंधे में अंसारी, खान व चौधरी बंधु के शामिल होने की बात कही जा रही है। सूत्रों ने बताया कि जंगल में करीब 400 टन अवैध कोयला स्टोर कर रखा गया था। पुलिस के आने की खबर पाकर तस्करों ने आनन-फानन में उक्त कोयले का हटवा दिया। इधर, एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने अवैध कोयला लदे 3 ट्रकों व 3 पिकअप वैन को पकड़ने की पुष्टि की है।

## 4 साइबर अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा

**गिरिडीहः** जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने गांडेय के ताराटांड़ थाना इलाके से कुल 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 1 बाइक, 7 मोबाइल फोन और 1 सिम कार्ड बरामद किया है। रविवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले की जानकारी दी है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांडेय के ताराटांड थाना क्षेत्र के बडकीटाड़ स्थित उसरी नदी के पास कुछ साइबर अपराधी साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया।इस टीम में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुनित कुमार गौतम, गुंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, हवलदार मो कमाल अख्तर खान, आरक्षी कृष्णा कुमार सिंह एवं पुलिस लाईन से प्राप्त सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 4 साइबर अपराधियों को रंगे हाथ ठगी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के पहरमा निवासी (21) वर्षीय विकास मंडल, पेरहेता निवासी (19) वर्षीय संदीप राय, पहरमा निवासी (21) वर्षीय सुधीर पंडित, पेरहेता और निवासी (20) वर्षीय अजय राय शामिल है। गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस को स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी बन लोगों को ठगते थे। आम लोगों के व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट कराने से संबंधित अस्त्र' फाइल भेजकर उनसे खाते की निजी जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे। वहीं गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देकर उनके साथ भी ठगी किया करते थे।

## धान क्रय केंद्र सिल्ली लैम्पस सत्र 24-25 का उद्घाटन



मेट्रो रेज

**मुरीः** सिल्ली लैम्पस के सत्र 24-25 का सिल्ली विधायक अमित महतो ने धान क्रय के लिए फीता काट कर उद्घाटन किया। उससे पहले इलेट्रॉनिक वेट मशीन पर नारियल फोड़कर चढ़ाया गया। सहकारिता अधिकारी ने विधायक को धान क्रय से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की चर्चा की, जिसमें बताया गया कि आज सिल्ली धान क्रय केंद्र के अलावा रामपुर क्रय केंद्र चालु किया जाएगा। बाद में दो केन्द्र दोबाडु और टुटकी को भी खोलने का प्रस्ताव है।धान क्रय का समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल प्लस 100 सरकार के तरफ से बोनस मिलाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल होगा। किसानों के लिए धान क्रय पंजीकरण रोजाना चालु है। पंजीकरण में आधार कार्ड,वोटर कार्ड,बैक पासबुक, मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली के साथ जमीन का रसीद के प्रतिलिपि, मोबाइल नंबर चालु हालत वाला देगा। किसानों से आग्रह है कि आप लैम्पस में आकर धान बेचने। विधायक ने गोदाम का निरीक्षण किया और अप डेट करने को कहा।लैम्पस के बाहर जनता के सभी तरह की समस्या से अवगत हुए। उन्होंने ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए आवेदन जरूर दें उस पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा लैम्पस के सुचना दी कि धान एक बोरा 40 ।500किलो होनी चाहिए। कंकड़, मिट्टी, और भीगा नहीं होनी चाहिए। उद्घाटन मौके पर मुरी पुर्वी जिप प्रतिनिधि अखिल महतो, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,बांसारूली मुखिया लालू उरांव, समेत लैम्पस के कमिटी अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता संपन्न, रांची बना ओवरऑल चैंपियन



**रांचीः** आईडियल इन्टरनेशनल स्कूल दलादली रांची में 13 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में समारोह में सोलह जिले से विभिन्न आयु वर्ग के करीब 250 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के खिलाड़ियों ने 19 गोल्ड 16 सिल्वर 27 ब्रॉन्ज के साथ ओवरऑल चैम्पियन बने। रामगढ़ 7 गोल्ड 10 सिल्वर 21 ब्रॉन्ज के साथ रनरअप रही। हजारीबाग 1 गोल्ड 2 सिल्वर के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आलम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के संस्थापक सह सभापति डॉ मजिद आलम , विद्यालय केनिदेसक डॉ सम्बूल आलम, प्राचार्या मंजू बग्गा,प्रशासक प्रणय कुमार, रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार ,फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, कोषाध्यक्ष करमबीर उरॉव, संयुक्त सचिव रमाशीश सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया।



## हिण्डाल्को में लंगर का आयोजन

**मुरीः** हिण्डालको में रविवार को गुरु नानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर दोपहर से लंगर का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। इससे पहले सुबह से कीर्तन और पाठ कार्यक्रम चलता रहा। स्वयं हिण्डाल्को एच आर हेड अरूण राय लंगर में हिस्सा लेते हुए रोटी ,दाल, हलवा,छोला सबको दिया और कहा कि मुरी में सभी धर्म के लोग एक दूसरे के पर्व को सम्मान देते हुए शामिल होते हैं।

## लाभुकों से मंईयां सम्मान योजना का पैसा वापस लेने का निर्णय गलतः लक्ष्मण




**बोकारोः** मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों से पैसा वापस लेने का राज्य सरकार का निर्णय गलत है। भाजपा इसका विरोध करेगी। उक्त बातें जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने रविवार को कहीं। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की लगभग 57 लाख महिलाओं को एक-एक हजार कर चार किस्तों में भुगतान किया। चुनाव के बाद अयोग्य बताकर अधिकतर महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित करने का निर्णय सरकार ने लिया है, जो सरासर गलत है। लक्ष्मण नायक ने कहा कि झारखंड की भोली-भाली जनता को सरकार ने पहले मंईयां सम्मान योजना की राशि का प्रलोभन देकर वोट हासिल किया और अब उन्हें अयोग्य बताने पर तुली हुई है। जबकि सरकार ने वादा किया था कि चुनाव के बाद सभी को 2500 रुपये दिये जाएंगे।

### मथुरा प्रसाद ने टुंडी व गोमो के पैक्सों में धान अधिप्राप्त केंद्रों का किया उद्घाटन, कहा-

# किसानों को धान के मूल्य का जल्द होगा भुगतान

**धनबाद :** टुंडी विधायक सह झारखंड सरकार के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने राजगंज, टुंडी, पूर्वी टुंडी व गोमो के पैक्सों में रविवार को धान अधिप्राप्त केंद्रों का उद्घाटन किया। जिला के नोडल पैक्स राजगंज में समारोह में विधायक श्री महतो ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों को धान का अधिकतम मूल्य तथा अधिक से अधिक लाभ दिलाने को लेकर संकल्पित है। धान से प्राप्त होने वाली राशि का किसानों को जल्द भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है।



किसान अपना धान बिचौलियों के हाथों ने बेचेंः विधायक ने लुसाडीह के किसान दामोदर प्रसाद चौधरी से अपने हाथों से धान का क्रय किया। दामोदर ने 41 क्विंटल धान विक्रय किया। धान का मूल्य भुगतान के लिए तत्काल ऑनलाइन किया गया। मौके पर डीसीओ वेद प्रसाद यादव, राजगंज पैक्स अध्यक्ष वंदना देवी, बीसीओ रघुवंश भारती व घनश्याम मंडल, प्रबंधक अयोध्या प्रसाद चौधरी आदि थे। इस दौरान डीसीओ श्री यादव ने किसानों से कहा कि किसान धान बिचौलियों के हाथों बेचने से बचें। सीधे पैक्स में अपना धान दें। मौके पर राजगंज पैक्स की कार्यकारिणी सदस्य रूबी चौरसिया, संतराम जायसवाल, सुरेश चौरसिया, हनुमान गोयल, अजय बरई, अवधेश चौरसिया, चंदन दे, जनसेवक संजीव कुमार, झामुमो नेता बसंत महतो, रविंद्र महतो, शनिचर टुडु, मो रऊफ, चन्द्रकांत दे, मो सफरूल, मो शाहजहां व अन्य थे।

**नमी के कारण किसान के धान का नहीं हो सका क्रय :** कोरकोट्टा पैक्स में एक किसान के धान का काफी नमी होने के कारण क्रय नहीं हो सका। खरियो पैक्स में एक किसान ने आठ क्विंटल धान बेचा। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजित कुमार, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, राजू प्रसाद, संतोष प्रसाद महतो, भगवान दास, सुरेंद्र प्रसाद, हलधर रवानी पिंटु कुमार आदि थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ शर्मा व मनोज प्रसाद चौधरी ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने विधायक से पैक्स का गोदाम बनवाने की मांग की।

**शंकरडीह में धान क्रय केंद्र का उद्घाटनः** पूर्वी टुंडी के लटानी-फतेहपुर पैक्स के शंकरडीह स्थित गोदाम में रविवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान विधायक श्री महतो ने कहा कि इस बार झारखंड सरकार द्वारा किसानों को 2300 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावा 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस दिया जा रहा है। किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पैक्स के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। उन्होंने किसानों को बिचौलिए के हाथों धान नहीं बेचने की सलाह दी। मौके पर डीसीओ वेद प्रकाश यादव, बीसीओ ओमप्रकाश दास, पैक्स प्रबंधक दिलीप कुमार मंडल, टिंकू राम बाउरी, श्रीराम मंडल, रामचन्द्र मुर्मू, दिनेश रजक, अजीत मिश्रा, ऐनुल अंसारी, बशीर अंसारी, शराफत अंसारी व अन्य थे।

## घरेलू विवाद में महिला ने मासूम संग तालाब में लगाई छलांग

**बोकारो :** घरेलू विवाद में राजबाला देवी रविवार की सुबह अपने छह वर्षीय मासूम बेटे के साथ बालीडीह के बनसिमली तालाब में कूद गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। तालाब में कूदने से बच्चे की मौत मां और बेटे को बोकारो सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने छह वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया। महिला का इलाज गंभीर हालत में बीजीएच में चल रहा है। राजबाला बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीभोले फैक्ट्री के मालिक लोहांचल निवासी एसएन सिंह की बहू थी। उसका मायका बिहार के आरा जिले के अमनौर में है।

**आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।**

### हॉकी झारखंड का 11वां एजीएम संपन्न

# रांची को मिला बेस्ट डिस्ट्रिक हॉकी संघ का अवार्ड

**रांचीः** मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी के सभागार में रविवार को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में हॉकी झारखंड की 11वीं वार्षिक आम सभा की बैठक हुई। इसमें हॉकी झारखंड से मान्यता प्राप्त सभी 24 जिला के अध्यक्ष सचिव सहित हॉकी झारखंड के कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य उस्थित थे। भोलानाथ सिंह ने बैठक में कहा कि आप सभी के सहयोग से आज हॉकी झारखंड आज नई पहचान बना चुकी है। अभी कई प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम चैंपियन बनी है। यह आप सभी के सामूहिक प्रयासों से हो पा रहा है।




उन्होंने कहा कि महिला हॉकी में हम बेहतर है परंतु पुरुष हॉकी में हमे और मेहनत करने की जरूरत है। जिसके लिए हमलोग अब विशेष योजना तैयार कर कार्य करेंगे। बैठक में सर्व समिति से अगले वर्ष के कार्य योजनाओं को स्वीकृत किया गया। जिसके तहत 2025 में सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता रांची में, जूनियर सब जूनियर पुरुष टाटा में,जुनियर महिला खूंटी में और सब जूनियर महिला सिमडेगा में करने का निर्णय लिया गया।

हॉकी झारखड़ के महासचिव विजय शंकर ने सेकेट्री रिपोर्ट पेश करते हुए बतलाया कि इस वर्ष झारखंड महिला टीम जूनियर और सब जूनियर दोनो में विजेता बनी एवं सीनियर में कांस्य पदक प्राप्त किया। एक साथ दो-दो टीम स्वर्ण पदक लाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। एजीएम में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा मिले प्रशसी पत्र को एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने देकर सम्मानित किया। इस वर्ष का बेस्ट डिस्ट्रिक हॉकी संघ का अवार्ड हॉकी रांची को दिया गया। हॉकी रांची ने वर्षो बाद रांची लीग का किया था आयोजन, जिसके लिए हॉकी रांची के अध्यक्ष माइकल लाल, सचिव जयंत केर-केट्टा को ट्रॉफी और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। हॉकी इंडिया की ओर हॉकी झारखंड को प्राप्त हॉकी स्टिक को झारखंड के सर्वाधिक हॉकी खिलाड़ी देने वाले सिमडेगा , खूंटी और,गुमला जिला को 40- 40 हॉकी स्टिक जिला के हॉकी खिलाड़ियों को वितरण करने के लिए दिया गया।

## झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की बैठक में नये खिलाड़ियों का किया गया स्वागत



**रांची:** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम ध्रुवा में मीटिंग रखी गयी। जिसमें हमारे सभी खिलाड़ी और नए खिलाड़ियों ने भाग लिया। सचिव लक्ष्मण राम द्वारा सभी नये खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस मीटिंग के दौरान निर्णय लिया गया है कि जो 4 मार्च से 9 मार्च तक बेंगलुरु में होने वाली मास्टर फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा नेशनल गेम में भाग लेगे,ओर सभी खिलाड़ियों ने इंट्री फीस जमा किया। जिन खिलाड़ियों ने अभी तक अपना इंट्री फीस जमा नहीं किया है वे जल्द से जल्द जमा कर दें ताकि उनका एंट्री भेजा जा सके । यह निर्णय भी लिया गया कि जो खिलाड़ी नेशनल गेम बेंगलुरु में नहीं भाग लेंगे उनका एशियन गेम में पार्टिसिपेट नहीं करने दिया जाएगा । जो नेशनल गेम में मेडल विजेता पोजीशन में आएंगे उनका एशिया के लिए सिलेक्शन किया जाएगा। जिन खिलाड़ियों ने एंट्री फीस जमा किया है वे एक जनवरी से अपना- अपना टिकट कटा ले। बेंगलुरु के लिए या जो खिलाड़ी एक साथ जाना चाहते हैं वह 25 दिसंबर तक अपना ट्रेन भाड़ा जमा कर दे ताकि एक साथ टिकट करा दिया जाये।



## वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची :** झारखंड की उपराजधानी दुमका के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह नहीं रहे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर शेयर किया पोस्टः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर दुख जताया है। अपने पोस्ट में हेमंत सोरेन ने कहा है कि बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और मेरे अभिभावक स्वरूप विजय सिंह के निधन की खबर से अत्यंत मर्माहत हूं। सौम्य और सरल स्वाभव के धनी आदरणीय विजय जी ने झामुमो परिवार और दुमका की जनता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनका चले जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दे। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

### बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सीएम पर साधा निशाना, कहा-

# आये दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल, दहशत में लोग

मेट्रो रेज

**रांची:** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड में जमीन कारोबारियों की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले 5 सालों में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बढ़ा है, उससे रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल व्याप्त है।

पिछले पांच साल में 50 लोगों ने जान गंवाईः पिछले पांच सालों में सिर्फ राजधानी रांची भर में करीब 50 लोगों ने अपनी जान गंवाई है, कल हुई मधु राय की निर्मम हत्या ने न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड को दहला कर रख दिया है। सरेआम गोलियों की बौछार और पुलिस



की नाकामी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है। जमीन विवाद अब केवल सामान्य झगड़ा नहीं रहा, बल्कि लोगों की जान लेने वाला खूनी खेल बन गया है।

**कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के लोग इस डर में जीते रहेंगे? कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल- शासन और प्रशासन आखिर कब ऐसी घटनाओं पर अपनी आंखें मूंदे रहेगा? झारखंड में लोगों की हत्याएं एक बड़ी मानवीय चिंता बन चुकी है। अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए और जमीन के नाम पर चल रहे इस खूनी खेल का अंत हो- इसके लिए जरूरी है कि हेमंत सरकार नींद से जागे और गंभीर होकर सुरक्षा के ठोस कदम उठाए।

## ओल्ड एज होम के लोगों के साथ क्लब ने मनायी खुशियां



**रांचीः** त्रिवेणी पूर्णिमा (मार्गशीर्ष मास) के शुभ अवसर पर छात्र क्लब मानव कल्याण मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के तत्वावधान में आदर्श ओल्ड एज होम (बिहार समाज कल्याण संस्थान)आश्रम नगड़ी,रांची में जीवन यापन कर रहे लोगों के साथ खुशियां मनायी गयीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख व्यवसायी सुनील कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका आशा किरण, नरेश झा,एएसाएसा।पीएलाके एमडी।रोहित कुमार,छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक प्रीति कुमारी,बुद्धिजीवी मंच के संरक्षक पिया बर्मन,कला संस्कृति मंच के संरक्षक वीणा श्री मौजूद थे

सर्वेप्रथम आश्रम के सभी लोगों एवं सभी अतिथियों का क्लब के ललिता साव ने अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर कर सभी लोगों का मन बहलाया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से आश्रम में रह रहे सभी लोगों को ऊनी स्वेटर एवं टोपी भेंट किया गया। इसके बाद आश्रम के सभी लोगों के साथ क्लब के सभी लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया और खुशियां मनायी तथा आने वाले नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी।

मौके पर मुख्यअतिथि सुनील कुमार सिंह ने क्लब के लोगों से आग्रह किया अपना घरेलू महोत्सव जन्मदिन अथवा शादी का सालगिरह आदि आश्रम में ही मनाएं और खुशियां बांटे,विशिष्ट अतिथि रोहित कुमार ने कहा आगे भी संस्था इस तरह की सामाजिक कार्यक्रम करते रहे मैं संस्था के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा । वही विजय पाठक ने कहा आश्रम के लोग यह न समझे कि मैं आश्रम में हूं हम सभी क्लब के लोग आश्रम के सुख दुख में हमेशा साथ है।

धन्यवाद ज्ञापन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से क्लब के संरक्षक अनिल भगत,आचार्य राजमोहन पंडा,वंदना झा,सीमा पाठक,सुनीता झा,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,विनोद मिस्त्री,वरीय अधिवक्ता अलख निरंजन वर्मा एवं आश्रम के प्रबंधक पूनम रानी,सचिव पंकज कुमार व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की वर्चुअल बैठक संपन्न,कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**रांचीः** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की वर्चुअल बैठक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के सभी एरिया बोर्ड ट्रांसमिशन जोन के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में प्रतिनिधियों ने पिछली सरकार के दौरान हुए आंदोलन एवं संगठन की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही, ऊर्जा निगम के वरीय पदाधिकारी के साथ 3 अक्टूबर को हुए श्रमिक संघ के समझौता वार्ता पर भी चर्चा हुई।

**इस समझौता वार्ता में निम्न मांगों पर सहमति बनी थीः**

1। आउटसोर्स खत्म करने का प्रस्तावः निर्देशक मंडल में प्रस्ताव ले जाया जाएगा।

2। 60 वर्ष का अनुबंध और 50% आरक्षणः पारा शिक्षक के तर्ज पर निर्देशक मंडल के प्रस्ताव में ले जाया जाएगा।

3। मानदेय बढ़ाने का निर्णयः कमिटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

4। 10 वर्ष तक लगातार कार्य करने वाले विद्युत कर्मियों का विवरणः 2014 में हुए सर्वे रिपोर्ट देखने के उपरांत कमेटी निर्णय लेगी।

5। एरियर एवं मानदेय गड़बड़ी की जांचः निगम की ओर से एक दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जो सभी सर्किल से अकाउंट डिटेल्स के साथ पूरे मामले की जांच करेगी।

वर्चुअल बैठक में यह चिंता जताई गई कि अभी तक पूर्व में हुए निगम से वार्ता का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं दिखाई दे रहा है, जिससे कर्मियों में निगम के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

बैठक में अमित कुमार कश्यप, कुणाल कुमार सिंह, उदय कुमार, अमित मिश्रा, सौरभ कुमार, मुकेश यादव, अनिकेत सिंह, शिव नारायण शाह, अनिल मिश्रा, कृष्णा नाग, सुनील मिश्रा, महेश्वर कुमार, राहुल कुमार, अनल लाकड़ा, संदीप शर्मा, एस बेदिया, सुभाष ठाकुर, कलाम हुसैन, जॉनसन, प्रिंस कुमार, राधेश्याम सिंह, सुशील सोरेन, कुलदीप मिंज, सरवन प्रसाद, नवीन तिर्की, पीतांबर, सुशील पासी, त्रिवेणी पासी, नीलांबर, अबू तालिब, देवेंद्र नाग, पुना सिंह, हीरालाल यादव, अमीत टेटे, सुरज उरांव, गौतम कुमार, असीम सोरेंग, प्रमोद मिंज, अल्फोंस तिग्गा, अनूप टोप्पो, अखिलेश बाड़ा, रविन्द्र नाथ मिश्र, अर्पण कुजूर, विल्सन मिंज, अत्यंत कुजूर, लोकनाथ अहीर, जॉनसन मिंज सहित अन्य शामिल हुए।

## क्रिसमस मैजिक ड्रेस लाइक सांता क्लॉस और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा कला का जादू

**रांचीः** राजधानी रांची स्थित आईफा इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस मैजिक ड्रेस लाइक सांता क्लॉस और पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने सांता क्लॉज, और क्रिसमस थीम पर आधारित विभिन्न रंग-बिरंगे वेशभूषा पहनकर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनकी मासूमियत और अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने क्रिसमस के त्योहार, परिवार, और उत्सव की खुशी को अपनी कल्पना और रंगों के जरिए जीवंत कर दिया। उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स ने न केवल उनके हुनर को उजागर किया, बल्कि क्रिसमस की सच्ची भावना का संदेश भी दिया। आईफा इंटरनेशनल के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता को निखारने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करती हैं। आईफा इंटरनेशनल की उपनिदेशक शगुफ्ता बानो ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को धन्यवाद दिया और कहा कि, ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी छुपी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। कार्यक्रम का समापन सांता क्लॉज द्वारा बच्चों को तोहफे और मिठाइयां बांटने के साथ हुआ। पूरे परिसर में क्रिसमस का उल्लास और जादू महसूस हो रहा था। पेंटिंग में विजेताओं के नाम इस प्रकार है। जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार आयत आलम को मिला द्वितीय पुरस्कार अफान तथा तृतीय पुरस्कार हरियाणा मेहता आपको मिला सीनरी ग्रुप में प्रथम पुरस्कार रौनक दत्ता द्वितीय पुरस्कार अलीशा तथा तृतीय पुरस्कार शर्मिष्ठा लोहार को मिला। ड्रेस में प्रथम पुरस्कार हमार अब्दुल्ला, हूमरा तथा आईना को मिला। आयशा शिफा तथा मिस्कत को सीनियर ग्रुप के ड्रेस कंपटीशन में प्राइज मिला। निर्णायक मंडली में रेहान अख्तर, शगुफ्ता बानो,तथा अली अब्बास थे।

## राष्ट्रपति के नाम फेक फेसबुक प्रोफाइल बना साइबर ठगी का प्रयास

### रांची पुलिस ने लिया संज्ञान

**रांचीः** साइबर क्राइम के लिए साइबर ठगों द्वारा नित्य नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं।अब तक आईएस,आईपीएस या अन्य नामचीन हस्तियों के नाम फेसबुक-व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर साइबर ठगी का मामला सामने आते रहा है। लेकिन इस बार साइबर ठगों ने अब सीधे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम फेसबुक आईडी बनाकर ठगी का काम चालू कर दिया है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। हजारीबाग के बड़कागांव निवासी फेसबुक यूजर मंटु सोनी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम कुछ दिन पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। राष्ट्रपति के नाम-फोटो लगे फेसबुक आईडी में के स्टोरी में लिखा गया कि जय हिंद कैसे हैं आप ? फेसबुक का प्रयोग बहुत कम करती हूं।अपना व्हाट्सएप नम्बर दीजिए । जिसके बाद यूजर मंटु सोनी ने अपना नम्बर लिखा,कुछ घंटे बाद फेसबुक मैसेंजर में यह लिखा मैसेज आया हमने आपका नम्बर सेव कर लिया है और आपको अपना व्हाट्सएप कोड भेजा है,जो आपके व्हाट्सएप के अंदर गया है जल्दी से कोड बताइए 6 अंक का कोड है। जिसके बाद राष्ट्रपति भवन,झारखण्ड पुलिस और राँची पुलिस के साथ सीआईडी झारखण्ड़ को मामले को लेकर ट्वीट किया गया। राँची पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए फेसबुक-पोस्ट का आईडी लिंक मांगा। जिसे उपलब्ध करा दिया गया है।अब आगे की कार्रवाई रांची पुलिस करेगी।

## कड़ाके की ठंढ से रांचीवासी हलकान 20-21 को बारिश की संभावना




**रांची :** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है। सुबह में कुहासे के साथ कनकनी बढ़ गई है। पलामू, गढ़वा, चतरा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गुमला समेत कई जिले शीतलहर की चपेट में हैं। कनकनी से लोगों का हाल बुरा है। राज्य के करीब नौ जिलों का पारा छह डिग्री से नीचे आ चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 दिसंबर से आसमान में बादल छा सकते हैं। दो दिन तक हल्की बारिश की भी संभावना है। बंगाल की खाड़ी में अंडमान निकोबार के पास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। इसके व्यापक होने के आसार हैं।राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना है।

## वन समिति अध्यक्ष उपेन्द्र पाठक ने ठीकेदार पर करवाया केस दर्ज

वन भूमि पर सड़क निर्माण कार्य का मामला

**बरियातूः** रैयत उपेन्द्र कुमार पाठक के रैयती जमीन पर प्रखंड बारियातु के बानालात गांव में डीएमएफटी फंड से लगभग 99 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा था । जिसे लेकर संबंधित अंचलाधिकारी को शिकायत देने उपरांत निर्माण कार्य को अविलंब रोक दिया गया तो वहीं वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण मामले में भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के विश्वास सिंह,पेटीदार जय प्रकाश सिंह,अरविंद सिंह,शिव सिंह,गोलू सिंह सभी बानालातवासी के खिलाफ वन भूमि पर सड़क निर्माण कार्य के मामले में भारतीय वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं सहित वनरक्षी संतोष कुमार के लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया गया है मालूम हो कि संबंधित विभाग से बगैर अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए वन सीमा क्षेत्र में उपरोक्त व्यक्ति द्वारा रात में सड़क निर्माण किया जा रहा था जिसकी सूचना वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी,बालूमाथ को दी गई इसके बाद वनपाल विजय शंकर शर्मा के नेतृत्व में जांच टीम स्थल पर पहुंच कर वन सीमा क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों एवं वन समिति के सदस्यों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के विश्वास सिंह के द्वारा किया जा रहा है । वनरक्षी ने बताया कि बानलात पीएफ सरकार द्वारा सीमांकित एवं अधिसूचित वन है अवैध अतिक्रमण करना भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) का उल्लंघन है जो दण्डनीय एवं संज्ञेय अपराध है। वहीं बानालात वन समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र पाठक ने बताया कि बीते वर्ष मेरे द्वारा उक्त सड़क के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव को मंजूरी करवाया था जिसके पश्चात डीएमफटी फंड लातेहार के द्वारा प्राक्कलन राशि 98,56200 (अन्ठान्वे लाख छप्पन हजार दौ सौ रुपए मात्र) का स्वीकृति दिया गया जबकि सड़क के लिए जिस भूमि पर बनाया जाना है उसपर ना बनाकर बल्कि उपेन्द्र पाठक के रैयती जमीन पर वाजवरन निर्माण किया जा रहा था ।

# 150 वर्ष का हुआ भारत मौसम विज्ञान विभाग, राज्यपाल ने दी बधाई

### झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण

मेट्रो रेज

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) आज 150साल का हो गया। इस अवसर पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आईएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड




मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग को लॉच किया गया।

स्टेकहोल्डर्स ने दिया फीडबैकः कार्यक्रम के अगले चरण में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कोलकाता मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सोमनाथ दत्त और रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने झारखंड में मौसम सेवाओं और भविष्यवाणी पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के लिए मौसम और जलवायु सेवाओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान मौसम केंद्र की सेवाओं पर स्टेकहोल्डर्स ने फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कृषि सिंचाई, विमानन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ ने अपनी राय रखी। इस दौरान आईएमडी के रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

**राज्यपाल ने आईएमडी के 150 वीं वर्षगांठ पर दी बधाई :** राज्यपाल ने आईएमडी की 150वीं वर्षगांठ पर सभी को बधाई दी। कहा कि देश की जलवायु परिवर्तन से अवगत कराने में आपकी बड़ी भूमिका है। पूरा देश इसका लाभ उठा रहा है। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, कृषि और समुद्र में काम करने वाले सेना, वायु सेना के लिए आप प्रेरणास्त्रोत है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य को सटीक मौसम जानकारी देने का काम किया है। झारखंड में प्री मानसून, पोस्ट मानसून, मानसून ओर शीत ऋतु में कई घटनाएं होती है। जिसकी पूर्व जानकारी मिलने से लोगों को आपदा से बजने में सहयोग मिलना है। पिछले दशक की तुलना में अभी मौसम विभाग की सटीकता बढ़ गयी है। मौसम विभाग रांची के अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे पूर्व मौसम की जानकारी साझा कर रहे है। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में मौसम विभाग की तकनीक और गुणवत्ता और बढ़ेगी।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## नेहरू-सावरकर को घसीटना बंद करें

**लोकसभा** में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट कर गई। इस बहस का भी एक बड़ा बिंदु आरक्षण ही रहा। जहां विपक्ष ने इन आरोपों को दोहराया कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं की अपने अनुकूल गोलबंदी करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। तानाशाही एक और ऐसे बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है। इस मामले में जहां कांग्रेस का फोकस पिछले दस सालों पर केंद्रित रहा, वहीं इखढ का पॉइंट यह था कि आजादी के बाद से 55 साल तक सत्ता एक ही परिवार के हाथों में रही। जाहिर है, सबसे ज्यादा नुकसान इसी परिवार ने किया। उनका संकेत गांधी परिवार की ओर था। इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि इखढ को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे इखढ पर निशाना साधा वहीं पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं। पूरी बहस का यही बिंदु ऐसा था जो थोड़ा जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति को बिना शर्त करना चाहिए।

## सबका साथ जरूरी

**एक** देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरूआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण

पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है।

**डॉ.सत्यवान सौरभ**

जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। साथ ही जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत कर-के, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आमतौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालांकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालांकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्व को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहां जरूरत हो, एकीकृत नीतियां विकसित की जा सकें।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है। जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुंच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है।

पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजनाएं क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों के लिए लक्षित अनुकूलन रणनीतियों को सुनिश्चित करती हैं। सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु और विकासात्मक चुनौतियों दोनों को सम्बोधित करने वाली नवीन तकनीकों के विकास और तैनाती को प्रोत्साहित करता है। सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों का विकास टिकाऊ कृषि का समर्थन करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है।इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने में इस रणनीति की प्रभावशीलता उत्सर्जन में कमी और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर है। भारत ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपनी उत्सर्जन तीव्रता को कम करने में प्रगति की है, जो सह-लाभ दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है, लेकिन तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता कभी-कभी पर्यावरण संरक्षण में समझौता करने की ओर ले जाती है। तत्काल ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों का विस्तार शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में चुनौतियाँ पेश करता है। राज्य कार्ययोजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित किया जाए। अहमदाबाद जैसे शहरों में हीट एक्शन प्लान ने अत्यधिक गर्मी के प्रभावों को कम करने में मदद की है, जिससे कमजोर आबादी की रक्षा हुई है। जबकि सह-लाभ दृष्टिकोण पायलट कार्यक्रमों में प्रभावी रहा है, देशभर में इन पहलों को आगे बढ़ाना एक चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देना है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास अभी भी पिछड़ा हुआ है।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु कार्रवाई को विकास के साथ प्रभावी ढंग से संतुलित करता है। यह स्थिरता और लचीलेपन को बढ़ावा देता है। अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और हरित बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश इस रणनीति को मजबूत करेगा। यह स्थानीयकृत, प्रभावशाली समाधानों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के सिद्धांत को दर्शाता है, जो विकास और पर्यावरणीय लक्ष्य दोनों में सार्थक प्रगति को आगे बढ़ाता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत का धर्म-दर्शन और विज्ञान का मधुफल

वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है। वैदिक काल में परम्परायें पुष्ट हैं। उत्तर वैदिक काल में अन्तर्विरोध हैं। यज्ञ और पूजा से लाभ-हानि की बातें भी आ गयी हैं। इसी समय दर्शन का विकास हुआ। उपनिषद् दर्शन का आकाश छूना इस समय की विशेषता है। रामायण काल का धर्म मयार्दा पालन में खिला है। वैदिक समाज ने प्रकृति की शक्तियों को माँ-पिता देवता की तरह देखा था। महाभारत के श्रीकृष्ण उसी तत्व-दर्शन के व्याख्याता हैं। वैदिक ज्ञान सनातन प्रवाह है। गीता के चौथे अध्याय की शुरूआत में श्रीकृष्ण इसी ज्ञान की समाप्ति की चर्चा करते हैं-"दीर्घकाल में यही तत्व-ज्ञान नष्ट हो गया।" भारत प्रकाशरत राष्ट्रीयता है और धर्म इसी राष्ट्रीयता का संविधान। धर्म नाम के इस संविधान का सतत विकास हुआ है। दर्शन विज्ञान ने इस विकास का नेतृत्व किया है।

**हृदयनारायण दीक्षित**

सम्पूर्ण प्रकृति से आत्मीय व्यवहार श्रेष्ठ है। प्रकृति की शक्तियां सुनिश्चित नियमों में गतिशील हैं। वैदिक पूर्वजों ने इस नियम को ऋत कहा है। प्रकृति की तरह मनुष्य को भी नियमों के अनुसार चलना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य तथा मनुष्य और सभी मनुष्यों के मध्य आचार संहिता का नाम धर्म है। ईश्वर आस्था निजी विश्वास है। धर्म में इसकी बाध्यता नहीं। कठोपनिषद् की कथा का नचिकेता युवा है। यम ने उसे 'सत्यधृति' कहा। वह सत्यनिष्ठ है। धर्म के यथार्थवादी रूप को जानता है। धर्म सम्पूर्णता के प्रति मनुष्य का सत्यनिष्ठ आदर्श व्यवहार है। उसने यम से पूछा-"जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, वह मुझे बताइए।" (1.2.14) यहां धर्म लोकजीवन की आचारसंहिता है, धर्म और अधर्म की सारी कार्यवाही देश और 'समय के भीतर' है। नचिकेता 'समय और देशकाल' की आचार संहिता 'धर्म-अधर्म और भूत भविष्य' से परे किसी अज्ञात तत्व 'सत्य' का जिज्ञासु है। पूर्वजों ने उपलब्ध ज्ञान के आधार पर जीवनचर्या के नियम बनाए। इन्हें धर्म कहा गया।

विज्ञान और दर्शन अंतरिक्ष का भी अनुसंधान कर रहे हैं। लेकिन पंथिक मजहबी विश्वासों में दैवी घोषणायें ही सत्य मानी जाती हैं। भारत में धर्म और आस्था विश्वास से निरंतर वाद-विवाद और संवाद की परम्परा है। धर्म गतिशील आचार संहिता है। परमसत्ता पर भी प्रश्न और प्रति-प्रश्न हैं। यहां लोक खुलकर प्रकट होता है, धैर्य से सुनता है और प्रश्न-प्रतिप्रश्न करता है। धर्म सत्य-निष्ठ जिज्ञासु जीवनशैली है। यही सत्य है। सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। धर्म स्थिर आचार संहिता नहीं है। यहां समाज की तमाम शक्तियां धर्म को भी प्रभावित करती रही हैं।

वैदिक काल का धर्म आनन्द मगन करने वाला है। उत्तर वैदिक काल में तत्वज्ञान की शिखर ऊंचाइयां हैं। कुछ कर्मकाण्डों को भी चुनौती देती हैं। रामायण काल के धर्म में मयार्दा है। श्रीराम इसी मयार्दा के महानायक हैं। लेकिन महाभारत काल का धर्म अवनति में है। गीताकार ने बहुत खूबसूरत शब्द प्रयोग किया है-धर्म की ग्लानि। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-"जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब धर्म संस्थापन के लिए अवतार होते हैं।" श्रीराम और श्रीकृष्ण में भारी फर्क है। श्रीराम रामायण काल में प्रचलित धर्म को मजबूती देते हैं। दुख उठाकर भी मयार्दा का पालन करते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। लेकिन श्रीकृष्ण महाभारत काल के प्रचलित धर्म ग्लानि को चुनौती देते हैं। वैदिक काल में मनुष्य प्रकृति के निकट है। सूर्य अस्त होते हैं, मनुष्य सो जाते हैं। ऊषा आती है, वह सबको जगाती है। वैदिक समाज के जागरण और निद्रा प्राकृतिक हैं। ऋग्वेद के समय सभा और समितियां हैं। सभा में सभ्य ही जाते हैं। सामाजिक विकास के क्रम में तमाम रूढ़ियां भी आईं। महाभारत में सभा के भीतर भी जुआ है। महाभारत काल के युधिष्ठिर धर्मराज हैं लेकिन जुए में पत्नी द्रोपदी को भी दांव पर लगाते हैं। ऋग्वेद में पत्नी पूरे परिवार की 'साम्राज्ञी' है। महाभारत में वह वस्तु और पदार्थ है। द्रोपदी इस धर्म को चुनौती देती है। लेकिन सभा में विराजमान द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म जैसे महानुभाव प्रचलित धर्म से ही जुड़े हैं। द्रोपदी आहत है कहती है, "भरतवंश के नरेशों का धर्म निश्चय ही भ्रष्ट हो गया है। राजाओं आप लोग क्या समझते हैं? मैं धर्म के अनुसार जीती गयी हूं या नहीं।" (सभापर्व 67.41-42) महाभारत काल में धर्म की ग्लानि का समय है।

धर्म सबको धारण करता है। सब उसे धारण करते हैं। धर्म पालन में स्वतंत्रता है। इसलिए हरेक मनुष्य का अपना धर्म है। द्रोपदी के मन में धर्म की दूसरी कल्पना है, युधिष्ठिर और भीष्म आदि के मन में बिल्कुल दूसरी। भीष्म का उत्तर है, "धर्म का स्वरूप अति सूक्ष्म होने के कारण मैं तुम्हारे प्रश्न का ठीक विवेचन नहीं कर सकता।" जुआ अधर्म है, जुए के खेल में बेईमानी और भी बड़ा अधर्म है लेकिन पितामह धर्म के सूक्ष्म स्वरूप की बहानेबाजी के साथ और भी नई चालबाजी करते हैं। कहते हैं, "धर्मराज युधिष्ठिर धन सम्पदा से भरी पृथ्वी त्याग सकते हैं किन्तु धर्म नहीं छोड़ सकते। इन्होंने स्वयं ही हार मान ली है।" (सभा पर्व 67.47-49) भीम युधिष्ठिर के जुआ कर्म को गलत बताते हैं और कहते हैं, "द्रोपदी की दुर्दशा के लिए मैं आपकी दोनों बाहें जला दूंगा।" (सभापर्व 68.9) यहां भीम युधिष्ठिर से श्रेष्ठ दिखाई पड़ते हैं।

वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है। वैदिक काल में परम्परायें पुष्ट हैं। उत्तर वैदिक काल में अन्तर्विरोध हैं। यज्ञ और पूजा से लाभ-हानि की बातें भी आ गयी हैं। इसी समय दर्शन का विकास हुआ। उपनिषद् दर्शन का आकाश छूना इस समय की विशेषता है। रामायण काल का धर्म मयार्दा पालन में खिला है। वैदिक समाज ने प्रकृति की शक्तियों को माँ-पिता देवता की तरह देखा था। महाभारत के श्रीकृष्ण उसी तत्व-दर्शन के व्याख्याता हैं। वैदिक ज्ञान सनातन प्रवाह है। गीता के चौथे अध्याय की शुरूआत में श्रीकृष्ण इसी ज्ञान की समाप्ति की चर्चा करते हैं-"दीर्घकाल में यही तत्व-ज्ञान नष्ट हो गया।" भारत प्रकाशरत राष्ट्रीयता है और धर्म इसी राष्ट्रीयता का संविधान। धर्म नाम के इस संविधान का सतत विकास हुआ है। दर्शन विज्ञान ने इस विकास का नेतृत्व किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल को कम से कम ईसा से 7-8 हजार वर्ष पूर्व मानना चाहिए। कुछेक सूक्त इससे भी प्राचीन हो सकते हैं। काणे के अनुसार-"4000-1000 ईसा पूर्व के बीच वैदिक संहिता और उपनिषद् उगे हैं।" प्रमुख उपनिषदों का रचनाकाल 1500 ई.पूर्व भी हो सकता है। कुछ का ईसवी सन के बाद भी। काणे के अनुसार-"800 से 400 ईसा पूर्व के मध्य प्रमुख श्रौत सूत्र और गृह्यसूत्र रचे गये।" काणे के अध्ययन विवेचन में गौतम, आपस्तंब, वोधायन आदि के धर्मसूत्र भी 600-300 ईसा पूर्व के हैं। वे गीता का रचनाकाल भी 500-200 ईसा पूर्व अनुमानित करते हैं। गीता महाभारत का ही हिस्सा है। चिंतन और तर्क-प्रतितर्क की जीवनशैली के विकास में विपुल ज्ञान भंडार की भूमिका है। रामायण और महाभारत ने अपने ढंग से लोक को प्रभावित किया है। पुराणों की भी अपनी भूमिका है। पतंजलि के योग सूत्र और कौटिल्य का अर्थशास्त्र भी उल्लेखनीय है। चरक संहिता आयुर्वेद का ग्रंथ है।

भारतीय धर्म, दर्शन, परम्परा सतत विकासशील है। विविधिता यहां का सौन्दर्य है और आत्मीयता प्राण तत्व। भारत का धर्म इसी संसार को सुन्दर बनाने की आचार संहिता है। बुद्ध का निर्वाण इसी संसार में है। उपनिषद और भारत के 8 दर्शनों-सांख्य, मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, योग, वेदांत और बुद्ध, जैन का लक्ष्य इसी संसार को मधुमय बनाना है। धर्म में अंधविश्वास नहीं है, समाज में बेशक है लेकिन वह धर्म भाग नहीं है। इसलिए भारत तब तक धर्महीन नहीं हो सकता जब तक जल में रस है, अग्नि में ताप है, वायु में स्पर्श गुण है और आकाश में शब्द-ध्वनि की अनुगूंज। धर्म भारत की लोकमंगल अभीप्सा का विस्तार और कर्तव्य है।

भारत का धर्म दर्शन और विज्ञान का मधुफल है। अंधविश्वास नहीं प्रत्यक्ष सत्य है। वृहदारण्यक उपनिषद (1.4.14) में कहते हैं-"धर्म निश्चित ही सत्य है।" धर्म और सत्य में अभेद है। यह धर्म मधुवाता है। इसी उपनिषद (2.5.11) में कहते है-"धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत धर्म के मधु है।" धर्म मधुमयता है। धर्म में ही अर्थ, काम और मुक्ति के सोपान हैं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# गुस्से की हालत में व्यक्ति खुद का भी नहीं रहता

**अध्यात्म**

क्रोध विनाश का कारण बन जाता है। क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। यह व्यक्ति की मति मार देता है, बुद्धि हर लेता है। इसके वशीभूत होकर लोग अक्सर गलत कदम उठा लेते हैं। इसकी वजह से इंसान सही-गलत में अंतर नहीं कर पाता है और वहशीपन पर उतारू हो जाता है। इसके प्रभाव में आदमी अपनापन, स्नेह, लगाव, प्रेम, आत्मीयता तो छोड़िए, अपना अस्तित्व तक भूल जाता है। क्रोध की अवस्था में किसी व्यक्ति और खूंखार जानवर में कोई फर्क नहीं रह जाता है। इंसान का रोष उसके लिए कई बार अभिशाप के रूप में भी सामने आता है। यह मानव मन की एक भावना है, जिसे अक्सर अच्छा नहीं माना जाता है। क्रोध का जनक भय भी माना जाता है। जब इंसान भय पर नियंत्रण करने की कोशिश करता है तो वह रोष के रूप में प्रकट होता है। कहा गया है कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह ये सब जीवन के सबसे बड़े शत्रु हैं। एक गुरु अपने शिष्यों को हमेशा अच्छाई और सदाचार का प्रचार-प्रसार करने की शिक्षा दिया करते थे। वह कहते थे कि केवल उपदेश देने में समय न गंवाना, बल्कि अपने हाथों से दीन-दुखियों, पीड़ितों, असहायों, निराश्रितों की अधिक से अधिक सेवा करना। किसी के यहां जाकर प्रेमपूर्वक सहायता मांगने पर अगर वह आपके साथ अमर्यादित आचरण करे, तब भी उस पर क्षोभ मत करना। वह जानते थे कि धन, संपत्ति संग्रह करने की प्रवृत्ति भय, कलह पैदा करती है। इसलिए वह अपने शिष्यों को समझाते कि अपने पास अपनी जरूरत भर की ही चीजें रखना। अधिक का संग्रह मत करना। भिक्षा में जो भोजन मिल जाए, उसी से संतुष्ट रहना। उन्होंने यह भी कहा कि लोग तुम्हारा विरोध करेंगे, उत्पीड़न भी करेंगे। लेकिन बहुत सावधानीपूर्वक शांति और धैर्य बनाए रखना। यह मानकर चलना कि वे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं, आत्मा को नहीं। कारण बताते थे, आत्मा तो अमर, अजर और अविनाशी है। वह समझाते थे- सत्य, अहिंसा पर अटल रहने वाले को कोई नहीं मार सकता। जो तुम्हारा तिरस्कार करता है, वह स्वयं भगवान का तिरस्कार करता है, क्योंकि उसी भगवान ने हम सबको बनाया है। भगवान श्रीकृष्ण ने क्रोध को नर्क का द्वार बताया है। उन्होंने कहा है कि जो मनुष्य बात-बात पर तैश में आ जाता है, वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाता है और जीवन में हमेशा दुखी रहता है। क्रोध की हालत में मनुष्य कभी सही निर्णय नहीं कर पाता है। गुस्से की हालत में व्यक्ति खुद का भी नहीं रहता। वह अर्थहीन बातें करने लगता है। शास्त्रों में इसे मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। ऐसे में व्यक्ति अपना आपा खोकर कुछ भी कर बैठता है। रोष और आंधी को एक समान बताया गया है।

## सेहत

### सर्दियों में ड्राई स्किन होगी दूर

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ ही आप ड्राई स्किन से निपटने के लिए बेस्ट है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की हुई चोरी

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के सकरुगढ़ मोड़ के समीप से बाइक की चोरी हो गई। इसकी शिकायत बाइक मालिक ने थाना में आवेदन देकर की है। कॉलेज रोड निवासी बाइक मालिक हरिपद देव नाथ ने दिए आवेदन में पुलिस को बताया कि सकरुगढ़ निवासी उसके दोस्त सूरज सिन्हा उनकी काला रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक जेएच 18 ए 5155 मांग कर ले गए थे। घर के बाहर बाइक लगा कर घर गए थे। लौट कर देखा तो बाइक वहां नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अपराध से निपटने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी पुलिसः अमित

**साहिबगंज :** जैप-09 परिसर स्थित सभागार में रविवार को पुलिस विभाग की अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की। उन्होंने बढ़ती ठंड सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों से सख्ती से निपटने, हर गली- मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द अनुसंधान कर निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने अवैध लॉटरी शराब जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि अपराध नियत्रंण के लिए पुलिस योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। इस दौरान एसपी ने लोकसभा में बेहतर काम के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों व पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नीतीन कुमार खंडेलवाल, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार, जिरवाबाडी थाना प्रभारी, बोरीयो थाना प्रभारी, राजमहल थाना प्रभारी, राधानगर थाना प्रभारी, कोटालपोखर थाना प्रभारी, सहित जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

### हाइवा ने टोटो को मारा टक्कर चालक घायल

साहिबगंज/ उधवा :उधवा के मोहनपुर में रविवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। इस घटना में एक हाईवा ने एक टोटो को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे टोटो चालक नईम शेख 18 गंभीर रूप से घायल हो गया। टोटो भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल के पास जुट गई और घायल युवक को उधवा के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। चालक हाईवा लेकर भागने में कामयाब रहे, जो कि उधवा का बताया जा रहा है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे दुर्घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने कहा कि इस मामले में पीड़ित के द्वारा अभी तक थाना में कोई शिकायत नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस सड़क सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है और लोगों से भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है।

### आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो पक्ष के चार लोग घायल

साहिबगंज/उधवाःराधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत के जंगलपाड़ा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दो पक्ष के करीब चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जंगल पाड़ा गांव में रविवार को एंताज शेख व अली हुसैन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में तू तू मै मैं होने पर तनाव उत्पन्न हो गया। जिसमे एक व्यक्ति ने एक महिला को धक्का मार दिया था। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कराने के लिए गांव में पंचायती की गई। बताया जा रहा है कि पंचायती में दो पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे थे। इसी दौरान पंचायती में दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। इस घटना में एक पक्ष के एंताज शेख 70 व अली हुसैन 60 जबकि दूसरे पक्ष के ऐसुद्दीन शेख 40 व रायसुद्दीन शेख 35 घायल हो गए। बताया जाता है कि पंचायती में शामिल एक विचारक भी घायल हुए है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। उधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया। सभी घायलों को जख्म प्रतिवेदन देकर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सरकार ने क्षेत्र वासियों को दिया तोहफा, वर्षों से बंद शेर शाहबादी प्रमाण पत्र हुआ निर्गत



**साहिबगंज/उधवा :** विगत कई वर्षों से शेर शाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को नौकरी एवं रोजगार के अवसर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. लगातार इसकी मांग क्षेत्र के लोग कर रहे थे। क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि चुनाव से पूर्व राजमहल की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया गया था कि प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आदेश दिया जाएगा।सरकार बनते ही यह तोहफा क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए समर्पित किया है।आज शेर शाह वादी प्रमाण पत्र निर्गत होने लगा और निर्गत प्रमाण पत्र को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए युवाओं की एक शिष्टमंडल क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। युवाओं ने कहा कि लाखों युवा अब रोजगार और नौकरी से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इधर विधायक ने अंचल अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहें कि प्रमाण पत्र निर्गत में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो।

### मीडिया प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन मैदान में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य पुलिस अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला पुलिस प्रशासन साहिबगंज के तत्वाधान से विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य पुलिस अधिकारियों एवं जिला के सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया,प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र दिया गया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने विधानसभा आम चुनाव 2024 में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों,और मीडिया प्रतिनिधिगण को विधानसभा चुनाव में सहयोग करने को लेकर सम्मान समारोह में आभार व्यक्त किया।

#### बांग्लादेशी घुसपैठियों से झारखण्ड के सामाजिक व राजनैतिक गतिविधियां प्रभावित

# राजनीतिक दृष्टिकोण से धीरे-धीरे स्थानीयता प्राप्त कर संवैधानिक पदों पर भी विराजमान होने के प्रयास : बीरेंद्र राय



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बीरेंद्र राय साहिबगंज जिला पहुँचे जहाँ उन्होंने बरहरवा नगर पंचायत के बोहरा गेस्ट हाउस में संगठन का महापर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।तत्पश्चात बरहरवा नगर के सुप्रसिद्ध मंदिर बिंदुधाम मंदिर अपने कार्यकताओं के साथ पहुँचकर माँ विन्दुवासनी का आशीर्वाद लिया,जसके बाद बरहरवा नगर के डायमण्ड लॉज में प्रेस कांफ्रेंस जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यापक ढंग से बड़े पाने पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान संचालित करने जा रही है जिसमें केवल साहिबगंज जिला में 2 लाख से अधिक की संख्या में सदस्यता अभियान के माध्यम से सदस्यों को संगठन से जोड़ा जाएगा वहीं आगामी 21 दिसंबर से उक्त सदस्यता अभियान का प्रारंभिक संचालन की शुरूआत जिलों के मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर अभियान को बल दिया जाएगा।वही 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के स्वर्ण जयंती के रूप में भारतीय जनता पार्टी लाखों सदस्यों को जोड़कर एवं वन भोज के माध्यम से जयंती मनाएंगे।मीडिया से रूबरू होते हुए श्री राय ने झारखंड प्रदेश पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि साहिबगंज पाकुड़ सहित अन्य जिलों में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और यह संख्या सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों व शांति व्यवस्था को पूर्ण रूप से प्रभावित कर रही है। भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में बांग्लादेशी घुसपैठियों के इस अहम मुद्दों को लेकर किसी प्रकार की कोई चिंता और कार्रवाई की गतिविधि नहीं दिखाई दे रही है। बल्कि चुनाव में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या को लेकर मुखिया स्तर से लेकर विधायक सांसद सभी अपना वोट बैंक बनाकर अपने राजनीतिक फायदे उठा रही है। जबकि आशंका जताई जा रही है।कि झारखंड के विभिन्न जिलों में विधानसभा स्तर पर 45000 से लेकर 50000 तक की संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ी है। बांग्लादेशी घुसपैठ सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से धीरे-धीरे स्थानीयता प्राप्त कर संवैधानिक पदों पर भी विराजमान होने के प्रयास पर है। जो एक गंभीर विषय है। और यह घुसपैठिए आने वाले समय में झारखंड में शांति व्यवस्था एवं समाज में भय का माहौल पैदा कर प्रभाव डालने की कोशिश करेंगे परंतु भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ इस मुद्दे को उठेगी और बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ने का काम करेगी साथ ही भारतीय जनता पार्टी सरकार एवं सभी राजनीतिक दलों से आगरा करती है। कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के इस मामले पर ध्यान केंद्रित करते हुए जिला स्तर पर उच्च स्तरीय जांच कर ऐसे तत्वों को चिन्हित करें और उसे खदेड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर देश की शांति व्यवस्था और स्वतंत्रता को बचाए रखने में अपना सहयोग करें।मौके पर भाजपा साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल,पंकज घोष,बरहरवा मंडल अध्यक्ष बिक्की गुप्ता,पतना मंडल अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल,रिंकू शेख,बृजमोहन भगत,राजकुमार भगत,अनुभव भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार के सभी योजनाओं का लाभ किसानों को मिले : विधायक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**उधवा/राजमहल :** राजमहल के प्रखंड परिसर व उधवा केलाबाड़ी लैंप्स में धान अधिप्राप्ति को लेकर धन करें केंद्र का शुभारंभ रविवार को क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने फीता काटकर किया. उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कृषि योजना से जुड़े किसान हित की सरकार के माध्यम से संचालित सभी योजनाओं का लाभुक किसान को लाभ मिले।किसानों को उनसे जुड़ी सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचने की दिशा में पदाधिकारी कार्य करें. राजमहल लेंम्पस के सचिव प्रोमित साहा ने कहा कि वर्तमान वर्ष में सरकार द्वारा?2400 क्विंटल में धन क्रय की राशि तय की गई है। एक किसान 200 क्विंटल तक धान दे सकते हैं। लगभग 100 किसान अपना पंजीकरण राजमहल में करवा चुके हैं।वही केलाबाड़ी के सचिव लवंग साहा ने कहा कि धान अधिप्राप्ति को लेकर लेम्पस के माध्यम से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।धान अधिप्राप्ति की जा रही है।मौके पर राजमहल सीओ मो यूसुफ सहित अन्य मौजूद थे।केलाबाड़ी लेंम्पस के नए भवन निर्माण की होगी पहल.केलाबाड़ी लैंम्पस के जर्जर भवन को देख विभागीय कार्रवाई से जुड़ी जानकारी क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने प्राप्त की. संचालकों ने कहा कि विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। विधायक जी की ओर से आश्वासन दिया गया है।कि जल्द ही संबंधित विभाग को भवन निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा।

## अनुमोदन तभी करेंगे जो सदस्य संगठन के लिए सम्पूर्ण रुप से सक्रिय होंगे : चंदन




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जिला इकाई साहिबगंज की एक बैठक साहिबगंज कॉलेज के प्रागण में जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमे सर्वसहमति से विभिन्न प्रस्ताव लियाजिसमे जिला इकाई साहिबगंज के नए कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार के नाम के साथ जिला कमिटी का नया पासबुक खोल कर पुराने पासबुक की सम्पूर्ण राशि को नए पासबुक में जमा कर पुराने पासबुक को बंद करने का निर्णय लिया जो राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार जिला कमिटी किसी भी लाइफटाइम सदस्यों दुर्घटना राशि का अनुमोदन तभी करेगी जो सदस्य संगठन के लिए सम्पूर्ण रुप से सक्रिय होंगे।इसके लिए संगठन अपने सभी सदस्यों से संगठन के प्रति सक्रिय रूप से कार्य करने का अपील करती हैं।ऐसा नहीं होने पर इसकी जिम्मेदारी निष्क्रिय अभिकर्ता की स्वयं होगी,22 दिसम्बर के दिन रविवार को जिला कमिटी का बैठक बरहेट में करने का निर्णय लिया गया जिसमे बरहेट बोरियो तीनपहाड़,पतना व जिला मुख्यालय के अभिकर्ता साथी शामिल होंगे।बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिकताओं मे संगठन के लिए जागरूकता लाना हैं।प्रत्येक माह के 01 तारीख से 05 तारीख तक मासिक सहयोग राशि देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर बैठक में जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी, सचिव नंदकिशोर किशोर दास, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार रिंकू, बृज मोहन केशरी,ईश्वर राम, राकेश तिवारी,सत्य प्रकाश सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भाजपा का सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है : अनंत ओझा

**दुमका :** शहर के अग्रसेन भवन में रविवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी अनंत कुमार ओझा,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद,जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, पूर्व सांसद सुनील सोरेन,दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े,जिला संयोजक पवन केशरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस कार्यशाला का उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को जिले के हर गांव और बूथ तक पहुंचाना तथा संगठन को और सशक्त बनाना था। कार्यशाला में अनंत कुमार ओझा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, ₹भाजपा का सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास है।₹ उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे तकनीक और जमीनी प्रयासों के माध्यम से इस अभियान को ऐतिहासिक बनाएं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए

जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की मेहनत और प्रतिबद्धता से दुनिया का सबसे बड़ा और सशक्त संगठन बना है। उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियां और विचारधारा ही समाज के समग्र विकास की नींव हैं।

पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने अपने वक्तव्य में कहा, ₹भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और कार्यकताओं का समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। सदस्यता अभियान से जुड़कर हर नागरिक राष्ट्रनिर्माण की इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकता है। जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ₹यह अभियान दुमका में भाजपा की नींव को और मजबूत करेगा। हर कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना होगा कि दुमका को भाजपा का अभेद्य किला बनाया जाए। इस अवसर पर दुर्गा मरांडी जी ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज सेवा का प्रतीक है।

### भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला का नगर परिषद के सिटी मैनेजर ने किया उद्घाटन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** शहर के पोखरिया टाउन हॉल में लगाए गए भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेले का रविवार की देर शाम नगर परिषद के सिटी मैनेजर विरेश कुमार यादव एवं कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर सिटी मैनेजर विरेश कुमार यादव ने कहा कि भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेले का आयोजन होने से शहर में एक ही जगह पर कई तरह के आकर्षक सामान मिल जाएंगे व लोग मेले का लुत्फ उठाते हुए सामानों की खरीददारी करते हुए अपने परिवार के सदस्यों के साथ मनोरंजन भी कर सकेंगे।वही मेला प्रबंधक प्रदीप राठौर एवं राजा यादव ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि कि हमारे यहां भारत के सभी जगह से तरह-तरह के दुकान लगाए गए हैं जिसमें फिरोजाबाद की कांच की चूड़ियां आकर्षक डिजाइनों में जुते चप्पल,श्रृंगार का सामान, ऊनी कपड़े,महिलाओं एवं युवतियों के लिए फैंसी कपड़े सस्ते दामों में उपलब्ध है।वही मेला संयोजक राजा यादव ने बताया कि यह मेला 15 दिसंबर से 1 जनवरी 2025 तक सुबह के 11 बजे से रात्रि के 9 बजे तक चलेगा। मौके पर कुंदन भाई ,अल्ताफ भाई, रामजी, मुजामिल भाई राजन वरुण, इजाज रुकसार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का विशेष महत्व : बब्बन कुमार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमकाः** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार के दिशानिर्देश में दिनांक 07 दिसम्बर से आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन हो गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के बीच अंतर हाउस प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न खेलों का प्रतियोगिता कराया गया।समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड शिक्षा परियोजना,दुमका के क्षेत्र प्रबन्धक सूरज पाण्डेय ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका द्वारा इस तरह का बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय एवं काबिलेतारीफ है। विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता से छात्रों में खेलकूद के प्रति रुझान बढ़ेगा।श्री सूरज ने प्रतिभागी छात्रों को विभिन्न खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलकूद में भाग लेने से तन मन दोनों स्वस्थ्य एवं सक्रिय रहता है। उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से जीवन में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी बनती है। अब तो बेहतरीन खेल प्रदर्शन के माध्यम से बेहतर रोजगार का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। श्री सूरज ने कहा कि इस विद्यालय का ही एक होनहार छात्र क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी उम्दा प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर अपना और इस विद्यालय का नाम रौशन कर रहा है।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार ने बच्चों को खेल कूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का विशेष महत्व है।श्री बब्बन ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के अंतर हाउस प्रतियोगिता से बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है और उनके बीच आपसी समन्वय स्थापित होता है। विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि दैनिक जीवन मे खेलकूद को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने से शरीर चुस्त एवं दुरुस्त रहता है। शिक्षक निवास रजक ने छात्रों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी बच्चों को खेलकूद में भाग लेना चाहिए। श्री निवास ने कहा कि खेलकूद में भाग लेने से जीवन अनुशासित एवं संयमित बनता है। प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में मयूराक्षी हाउस फुटबॉल, खोखो,चेस,रिले दौड़ एवं शार्ट पुट थ्रो में विनर, मसानजोर हाउस क्रिकेट,टेबल टेनिस में विनर जबकि हुंडरू हाउस वालीबॉल में विनर रहा। विद्यालय के होनहार छात्र आनन्द सोरेन ओभर ऑल चैंपियन बने। शिक्षकों के लिए 100 मीटर दौड़ में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार विनर रहे। शिक्षिकाओं के लिए म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता में विद्यालय की ऊजार्वान शिक्षिका अनन्या बनर्जी विनर रही। हीरालाल बेसरा कॉमन्ट्रेटर की भूमिका ने आकर्षण के केन्द्र रहे।पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा,पुर्व प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राज हंस, निवास रजक एवं शिवराम सिमोन टुडू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के परिवार के मुदस्सर सुल्तान,अमित कुमार पाण्डेय, संजय कुमार सिन्हा, राजीव कुमार गुप्ता,स्नेहलता मराण्डी,रूपेश कुमार झा, लखी टुडू, अर्चना कुमारी, प्रकाश कुमार घोष,अनन्या बनर्जी, विद्यासुंदर नन्दी,दिलीप कुमार,सुशीला किस्कू, अंजुएलीना किस्कु, राजेश कुमार साह, एवं पवन कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# दीपक और लौ जैसा था जाकिर हुसैन और तबले का समीकरण



मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। उन्होंने 73 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। जाकिर हुसैन को सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जाकिर हुसैन कई सालों से अमेरिका में रह रहे थे। जाकिर हुसैन और तबले का समीकरण दीपक और लौ जैसा है। उन्होंने तबला की शिक्षा अपने पिता अल्लाह रक्खा खान से ली थी। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी कला की ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो लोगों को हमेशा याद रहेगी।

## जाकिर हुसैन कौन थे?

जाकिर हुसैन मशहूर तबला वादक अल्लाह रक्खा खान के बेटे थे। जाकिर हुसैन ने कई भारतीय और विदेशी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया है। उन्होंने फिल्म 'साज' में भी काम किया है। जाकिर हुसैन ने सात साल की उम्र से अपने पिता अल्लाह रक्खा खान से तबला सीखना शुरू कर दिया था। साथ ही 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन पूरे देश में तबला वादन करने लगे थे।

## जाकिर हुसैन को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

1988 में जाकिर हुसैन को पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 1990 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी संगीत पुरस्कार भी मिला। 2009 में जाकिर हुसैन को 51वें ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि जाकिर हुसैन को अपने करियर में 7 बार ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया, जिनमें से चार बार उन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। तबले की नस को छूने वाला और चाहने वालों के दिलों को छूने वाला कलाकार वक्त के पर्दे के पीछे चला गया है।

## जाकिर हुसैन का शक्ति नाम का फ्यूजन ग्रुप भी रहा चर्चा में

जाकिर हुसैन ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को वैश्विक मंच पर ले जाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पंडित रविशंकर, उस्ताद अमजद अली खान, जॉर्ज हैरिसन, जॉन मैकलॉघलिन और द ग्रेटफुल डेड के मिकी हार्ट जैसे दिग्गजों के साथ काम किया। 1970 में, जॉन मैकलॉघलिन के साथ, उन्होंने ₹शक्ति₹ नामक एक फ़्यूजन ग्रुप बनाया, जिसने भारतीय शास्त्रीय संगीत और जैज को मिलाकर एक नई शैली पेश की। जाकिर हुसैन ने 1989 में फिल्म हीट एंड डस्ट में अभिनय किया था। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2016 में आयोजित ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए जाकिर हुसैन को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन व्हाइट हाउस में प्रदर्शन करने वाले पहले संगीतकार बने। जाकिर हुसैन ने 1978 में इटालियन अमेरिकी कथक डांसर एंटोनिया माइनकोला से शादी की। दंपति की दो बेटियां हैं। अब जाकिर हुसैन के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं।

## 'मस्ती 4' के लिए फिर साथ आए आफताब, रितेश देशमुख और विवेक ओबेरॉय



सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती की आइकॉनिक तिकड़ी – आफताब शिवदासानी, रितेश देशमुख और विवेक ओबेरॉय एक बार फिर दर्शकों को हंसाने और गुदगुदाने के लिए तैयार है। फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त, मस्ती 4, अब फ्लोर पर आ चुकी है। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग की शुरूआत रविवार को एक भव्य लॉन्च सेरेमनी के साथ हुई। हालांकि, पहले दिन की शूटिंग में विवेक ओबेरॉय शामिल नहीं हो सके, लेकिन आफताब और रितेश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आफताब शिवदासानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट से कुछ मजेदार झलकियां साझा कीं। इनमें मस्ती 4 के क्लैपबोर्ड की तस्वीर, रितेश देशमुख और निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ ग्रुप फोटो और तिकड़ी के बीच मस्तीभरे पल शामिल थे। फ्रेंचाइजी के प्रशंसक मस्ती 4 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपने मजेदार किरदारों, बेहतरीन हास्य और दमदार एंटरटेनमेंट के लिए मशहूर यह फ्रेंचाइजी एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी में है। आफताब, रितेश और विवेक की यह जोड़ी बड़े पर्दे पर अपनी खास केमिस्ट्री और कॉमिक टाइमिंग से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जल्द ही यह फिल्म दर्शकों के सामने होगी, जो एक बार फिर हंसी और मस्ती की बौछार लेकर आएगी।

# ब्रिसबेन टेस्ट : भारत की खराब शुरूआत तीसरे दिन लंच तक 22 रन पर खोए 3 विकेट

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे मैच के तीसरे दिन लंच तक भारत ने केवल 22 रन पर 3 विकेट खो दिये हैं। केएल राहुल 13 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले आज ऑसेट्रेलिया की पहली पारी 445 रनों पर समाप्त हुई।

भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। विराट कोहली के आउट होने के बाद लंच की घोषणा हो गई।



## ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन, हेड और स्मिथ का शतक

इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

### भारतीय टीम में हुए दो बदलाव

स मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में हेजलवुड की वापसी

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

# ब्रिसबेन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन

### स्मिथ, हेड का शतक, बुमराह ने झटके 6 विकेट



**ब्रिसबेन।** ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और 38 के कुल स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (09) और उस्मान ख्वाजा (21) क बुमराह ने पवेलियन भेज दिया। 75 के कुल स्कोर पर नीतीश रेड्डी ने मार्नश लाबुशेन (12) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया।

**स्मिथ, हेड ने संभाली पारी**

यहां से लग रहा था कि भारत ऑस्ट्रेलियाई पारी को जल्दी समेट देगा, लेकिन हेड और स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और उन्हें विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 241 रनों की साझेदारी की और अपने-अपने शतक पूरे किये।

**बुमराह का चला जादू**

316 के कुल स्कोर पर बुमराह ने स्मिथ को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। स्मिथ ने 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। 326 के कुल स्कोर पर बुमराह ने मिचेल मॉर्श (05) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने खतरनाक हेड को पंत के हाथों कैच कराकर अपने पांच विकेट पूरे किये। हेड ने 152 रनों ते बेहतरीन शतकीय पारी खेली।

385 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (20) को चलता किया। बुमराह ने 423 के कुल स्कोर पर मिचेल मॉर्श (18) को आउट कर अपने 6 विकेट पूरे किये। 445 के स्कोर पर सिराज ने नाथन लियोन (02) को आकाश दीप ने एलेक्स कैरी को आउट कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। कैरी ने भी बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 70 रन बनाए।

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

**भारतीय टीम में हुए दो बदलाव**

इस मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम में हेजलवुड की वापसी**

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

### अंडर-17 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस क्वालीफायर

# मेजबान युगांडा ने तंजानिया के साथ ड्रा खेला

**कंपाला।** मेजबान युगांडा ने रविवार को सीईसीएएफए जोन के लिए टोटलएनर्जीज अंडर-17 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) फुटबॉल टूनामेंट क्वालीफायर के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में तंजानिया के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। तंजानिया ने मैच की शुरूआत मजबूत टीम के रूप में की और 19वें मिनट में कंपाला के नकीवुबो हम्ज स्टेडियम में सालेह एले के गोल के जरिए बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मैच के 58वें मिनट में युगांडा ने इसिमा मगाला के जरिए गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। घरेलू टीम ने गोल करने के बाद गति पकड़ी और लगातार हमले किए, जबकि तंजानियाई टीम ने रक्षा में मजबूती से काम किया। मगाला के पास युगांडा के लिए मैच जीतने का आखिरी मिनट का मौका था, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से चूक गया। मैच के बाद तंजानिया के कोच एग्री मोरिस एम्ब्रोस ने कहा कि युगांडा की मजबूत टीम के खिलाफ ड्रॉ खेलना अच्छी शुरूआत थी। पूर्व तंजानियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा, हमने अच्छी शुरूआत की, लेकिन युगांडा ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया। उनके समकक्ष सेन्योंडो ने कहा कि पहले मैच में ड्रॉ खेलने के बाद युगांडा के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने आखिरी ग्रुप मैच में केन्या को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। दक्षिण सूडान, जिसने पहले मैच में सोमालिया को 3-0 से हराया था, अब ग्रुप बी में शीर्ष पर है, जबकि तंजानिया और युगांडा के पास ग्रुप ए में एक-एक अंक है। बुधवार को तंजानिया का सामना केन्या से ग्रुप ए में होगा, जबकि दक्षिण सूडान का सामना ग्रुप बी के मैच में सूडान से होगा। सर्वश्रेष्ठ दो टीमें अगले साल कोट डी आइवर में होने वाले अंडर-17 एएफसीओएन के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष तीरंदाजों में दीपिका, अंकिता भक्त, धीरज शामिल

एजेंसी

**जमशेदपुर।** व्यस्त 2025 कैलेंडर से पहले दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त, बी धीरज, अभिषेक वर्मा और अदिति स्वामी सहित देश के शीर्ष तीरंदाज सोमवार से यहां शहर के मध्य स्थित गोपाल मैदान में शुरू होने वाली साल की अंतिम राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में खुद को परखेंगे। सबसे उल्लेखनीय अनुपस्थिति प्रतिष्ठित कंपाउंड तीरंदाज वी. ज्योति सुरेखा की होगी, क्योंकि एथलीट और उनकी राज्य इकाई, आंध्र प्रदेश तीरंदाजी संघ के बीच मतभेद हैं। ओलंपिक में एक और निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, दीपिका ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में विश्व कप फाइनल में रजत पदक हासिल करके कुछ सम्मान हासिल किया और वह साल का समापन अच्छे नोट पर करना चाहेंगी। धीरज, जिन्होंने अंकिता के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक की मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया था, के लिए राष्ट्रीय स्पर्धा अगले ओलंपिक के लिए उनकी तैयारियों की शुरूआत है। तीरंदाजों का पहला लक्ष्य, जिनमें से कुछ ने हाल ही में विदेशों में इनडोर स्पधाओं में भाग लिया है, अगले महीने उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए पात्र होने के लिए अच्छी रैंकिंग प्राप्त करना होगा। इसके बाद विश्व चैंपियनशिप, विश्व खेल, एशियाई चैंपियनशिप और विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं से भरा कैलेंडर है।



# शाकिब को सभी शीर्ष स्तरीय क्रिकेट, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों में गेंदबाजी से किया निलंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शाकिब अल हसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय महासंघों द्वारा संचालित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है, चाहे वह घरेलू हो या अंतरराष्ट्रीय। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को एक बयान में उक्त जानकारी दी।

शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया था, और बीसीबी ने कहा कि यह अगला कदम है। बोर्ड ने यह भी कहा कि शाकिब जल्द ही अपने गेंदबाजी एक्शन को मंजूरी दिलाने और निलंबन हटाने के प्रयास में एक मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में पुनर्मूल्यांकन के लिए उपस्थित होंगे।




सितंबर में इंग्लिश काउंटी क्रिकेट मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बाद, शाकिब इस महीने की शुरूआत में यूके में आईसीसी द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र, लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन में विफल रहे। इसके बाद ईसीबी ने कार्रवाई की और, अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए आईसीसी के नियमों के खंड 11.3 के अनुसार, जब कोई राष्ट्रीय महासंघ किसी खिलाड़ी को अपनी घरेलू प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित करता है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी द्वारा निलंबन को स्वचालित रूप से मान्यता दी जाती है और सभी राष्ट्रीय क्रिकेट महासंघों द्वारा उनकी संबंधित घरेलू प्रतियोगिताओं में लागू किया जाता है। यह आधिकारिक सूचना प्राप्त होने पर बिना किसी और औपचारिकता की आवश्यकता के तुरंत लागू होता है।

बीसीबी के बयान में कहा गया है, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, शाकिब को बांग्लादेश के बाहर घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से भी निलंबित कर दिया गया है। यदि इस [पुनर्मूल्यांकन] विश्लेषण के परिणाम उनके एक्शन को स्पष्ट कर देते हैं, तो शाकिब को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी राष्ट्रीय क्रिकेट महासंघों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी।'

अभी के लिए शाकिब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं।


शाकिब अभी भी वनडे में सक्रिय खिलाड़ी हैं, लेकिन पिछले चार हफ़्तों में उन्हें अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज सीरीज के लिए नहीं चुना गया। वह वर्तमान में लंका टी10 प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। शाकिब ने गॉल मार्वल्स के लिए पिछले दो मैचों में गेंदबाजी नहीं की, जिसमें रविवार शाम को खेला गया मैच भी शामिल है।

# पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने 1971 के विजय दिवस पर रणबांकुरों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज विजय दिवस पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने एक्स हैंडल पर मां भारती के सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे राष्ट्र की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंकित रहेगा।"




केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लिखा, " सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं। विजय दिवस सेना के वीर जवानों के साहस, अटूट समर्पण और पराक्रम की पराकाष्ठा का प्रतीक है। 1971 में आज ही के दिन सेना के वीर जवानों ने न केवल दुश्मनों के हौसले पस्त कर तिरंगे को शान से लहराया, बल्कि मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए विश्व मानचित्र पर एक ऐतिहासिक बदलाव किया। देश अनंत काल तक अपने रणबांकुरों के शौर्य पर गर्व करता रहेगा।" वहीं, भाजपा ने लिखा, "1971 के युद्ध में अपने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से ऐतिहासिक विजय का गौरवशाली अध्याय लिखने वाले मां भारती के वीर सैनिकों को कोटि-कोटि नमन।"

## भारत और बांग्लादेश ने मनाया विजय दिवस 1971 के युद्ध के वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी

**कोलकाता ।** भारत और बांग्लादेश ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर दोनों देशों के युद्धवीरों और सैन्य अधिकारियों ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में 1971 के युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी धर्मों के गुरुओं ने प्रार्थना की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के अनुसार, भारत से आठ युद्धवीर और दो सैन्य अधिकारी बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे, जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा और दो सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमीनुर रहमान के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित विजय दिवस समारोह में भाग लेने भारत आए।विजय दिवस का महत्वः विजय दिवस हर वर्ष 16 दिसंबर को भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत की स्मृति में मनाया जाता है। 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मात्र 13 दिनों की लड़ाई में पाकिस्तान ने हार मानकर ढाका में आत्मसमर्पण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस जीत के बाद पूर्वी पाकिस्तान आजाद होकर बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया।



## आरजी कर : दो मुख्य आरोपितों को जमानत मिलने के खिलाफ डॉक्टरों की दस दिन तक प्रदर्शन की योजना

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल संयुक्त डॉक्टर्स मंच (डब्ल्यूबीजेपीडी) ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में सीबीआई जांच और दो मुख्य आरोपितों को जमानत मिलने के विरोध में दस दिनों तक लगातार धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह प्रदर्शन 19 दिसंबर से शुरू होकर 26 दिसंबर तक चलेगा। डब्ल्यूबीजेपीडी के संयुक्त संयोजक डॉ. पुण्यब्रत गुन ने बताया कि यह प्रदर्शन कोलकाता के डोरीना क्रॉसिंग पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम सीबीआई से इस मामले में पूरक आरोप पत्र तुरंत दाखिल करने की मांग करते हैं। संगठन ने कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा को पत्र लिखकर धरना-स्थल पर मंच स्थापित करने की अनुमति मांगी है। डॉ. गुन ने सोमवार को कहा, हमने पुलिस को आश्वस्त किया है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण और कानूनी नियमों का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा। हमने यह भी अनुरोध किया है कि पुलिस सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। डब्ल्यूबीजेपीडी ने शनिवार को सॉल्ट लेक स्थित सीबीआई कार्यालय तक एक मार्च भी निकाला था, जिसमें इस मामले में हो रही देरी और आरोपितों को जमानत मिलने पर नाराजगी जताई गई। गौरतलब है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला डॉक्टर का शव नौ अगस्त को मिला था। इस घटना ने देशभर में आक्रोश और विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया था।गत शुक्रवार को सियालदह अदालत ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को जमानत दे दी। अदालत ने यह जमानत सीबीआई द्वारा अनिवार्य 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल न कर पाने के कारण दी। डॉक्टर्स मंच का कहना है कि जब तक आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन न्याय और सुरक्षा की मांग को मजबूत करने का प्रयास है।


## मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन, राहुल गांधी और सीएम योगी समेत कई हस्तियों ने जताया दुख

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का 73 वर्ष की उम्र में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना के बाद देशभर में विशेषकर कला जगत में शोक की लहर है। कई राजनीतिक हस्तियों ने जाकिर हुसैन को श्रृद्धांजलि दी है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन का समाचार बेहद दुखद है। उनका जाना संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी कला की ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो हमेशा हमारी यादों में जीवित रहेगी।'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, 'विश्व विख्यात तबला वादक,




पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी का निधन अत्यंत दुखद एवं संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों और शोक संतप्त प्रशंसकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।'

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक जाहिर करते हुए लिखा, 'प्रसिद्ध उस्ताद और सभी समय के महानतम तबला वादकों में से एक उस्ताद जाकिर हुसैन की असामयिक मृत्यु से मैं बहुत स्तब्ध और दुखी हूं। यह देश और दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं महान कलाकार के परिवार, बिरादरी और अनुयायियों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के निधन से हमारी संस्कृति की दुनिया और भी क्षीण हो गई है। अपनी उंगलियों को दायां और बयान पर नचाते हुए उन्होंने भारतीय तबले को वैश्विक मंच पर पहुंचाया और हमेशा इसकी जटिल लय के पर्याय बने रहेंगे। संगीत के एक दिग्गज, रचनात्मकता के एक दिग्गज जिनके काम ने उन्हें पीढ़ियों तक लोगों के बीच लोकप्रिय बनाए रखा। उनके जाने से एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना मुश्किल होगा।'

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, 'जाकिर हुसैन जी के तबले की तान ने सीमाओं, संस्कृतियों और पीढ़ियों को पार करते हुए एक सार्वभौमिक भाषा बोली। यह क्लिप परिभाषित करती है कि हम उन्हें कैसे याद करेंगे और उनकी विरासत का जश्न कैसे मनाएंगे। उनकी लय की ध्वनि और कंपन हमारे दिलों में हमेशा गूंजती रहेगी।'

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने लिखा, 'उस्ताद जाकिर हुसैन की तबला वादन की असाधारण महारत ने संगीत की दुनिया में एक कालातीत विरासत बनाई है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, जिनके जीवन को उन्होंने अपनी कला से छुआ। उनकी लय हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी।'

गुजरात के पर्यटन मंत्री मुलुभाई बेरा ने लिखा, स्वर्ग की लय अभी थोड़ी और जीवंत हो गई है। अलविदा, जाकिर हुसैन। आपका संगीत मानवता के लिए एक आशीर्वाद बना रहेगा।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने भारत दौरे के दूसरे दिन आज सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी अगवानी की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इससे संबंधित वीडियो साझा किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की सितंबर में शीर्ष पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। वह तीन दिवसीय दौरे पर कल रविवार को भारत पहुंचे। उन्होंने विदेशमंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आज उनकी व्यापक वार्ता होनी है। श्रीलंका के राष्ट्रपति का दिल्ली में एक व्यावसायिक आयोजन में हिस्सा लेने और बोधगया जाने का कार्यक्रम है।

## मुख्यमंत्री ने एक युवा जेकेएएस अधिकारी निमिशा डोगरा के निधन पर किया शोक व्यक्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को एक युवा जेकेएएस अधिकारी निमिशा डोगरा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स के माध्यम से कहा कि एक युवा जेकेएएस अधिकारी निमिशा डोगरा के निधन की खबर से स्तब्ध और दुखी हूं। वह अपने पीछे दो छोटे बच्चों और अपने पति भूपिंदर को छोड़ गई हैं, जो पुंछ जिले में सेवारत एक पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि नमिशा के पिता लंबे समय से उनके सहयोगी और पूर्व मंत्री बाबू जगजीवन लाल जी हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति मिले।



### शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव

# सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने हरे निशान में पहुंचने की कोशिश भी की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, सिप्ला और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.73 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन कंपनी, भारती एयरटेल, अपोलो हॉस्पिटल



और टीसीएस के शेयर 1.31 प्रतिशत से लेकर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,345 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,695 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 650 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 132.81 अंक की कमजोरी के साथ 82,000.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,105.65 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसकी गिरावट बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिर कर 81,814.04 अंक तक पहुंच गया। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने दोबारा जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होता हुआ नजर आने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 149.75 अंक की गिरावट के साथ 81,983.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 14.90 अंक फिसल कर 24,753.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 24,781.25 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसने 24,681.35 अंक तक गोता भी लगा दिया। हालांकि सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में सुधार होते होता हुआ नजर आने लगा। बाजार लगातार जारी लिवाली और सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद निफ्टी 36.90 अंक की कमजोरी के साथ 24,731.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताहके आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 843.16 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,133.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 219.60 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,768.30 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## धनलक्ष्मी क्रॉप की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री पहले दिन ही डबल हुए निवेशकों के पैसे

**नई दिल्ली।** चना, कपास और गेहूं जैसी कई फसलों की हाई क्वालिटी बीज तैयार करने वाली कंपनी धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 104.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 109.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस का 23.80 करोड़ रुपये का आईपीओ 9 से 11 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 555.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 197.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,241.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### न्यूज IN ब्रीफ

## विधानसभा सत्र : सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा के विधायक धरने पर बैठे



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष समाजवादी पार्टी के विधायक धरने पर बैठे। वह सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। किसानों को एमएसपी का वादा अधूरा, योगी सरकार का कार्यकाल पूरा, न रोजगार न स्वरोजगार ..जैसे नारे लिखे तख्तियां उनके हाथों में हैं। उल्लेखनीय है उत्तर प्रदेश विधान सभा का सत्र आज से शुरू हो रहा है। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश करेगी।

## भजनलाल सरकार के एक वर्ष : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जयपुर आएंगे

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार, 17 दिसंबर को राजधानी के दादिया गांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को करीब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (पीकेसी-ईआरसीपी) का भी शिलान्यास करेंगे। प्रदेश की सबसे बड़ी पानी की पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना से चार साल में आठ से अधिक जिलों को पेयजल का लाभ मिलने लगेगा। इसके साथ ही कई वर्षों से भाजपा-कांग्रेस में राजनीतिक मुद्दा रहे प्रोजेक्ट से इक्कीस जिलों के लोगों को पेयजल की बड़ी समस्या का समाधान मिलेगा। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर पीएम मोदी का पधारना राजस्थान वासियों के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री राजस्थान के लिए कई सौगात की घोषणा भी करेंगे। प्रदेश की भजनलाल सरकार की वर्षगांठ के 17 दिसंबर को होने वाले मुख्य समारोह में हर बूथ से भाजपा के कार्यकर्ता व लाभार्थी आएंगे। प्रदेश के 52 हजार बूथों से कम से कम 10 लोगों के आने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में प्रधानमंत्री के दौरे के चलते जयपुर पुलिस सहित कई सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। संदिग्धों पर निगरानी रखी जा रही है। एयरपोर्ट और सभा स्थल के आस-पास होटल, धर्मशाला सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चैकिंग की जा रही हैं। पीएम की सभा में लाखों की संख्या में भीड़ आने की संभावना के चलते पुलिस ने जयपुर आने वाले सभी मार्गों पर नाके लगाएगी। ताकि सभा में आने वाले वाहनों को बाहरी मार्गों से डायवर्ट कर सीधे सभा स्थल पर भेज सकेंगे।

## राजौरी की नियंत्रण रेखा के पास से दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 5.50 किलो हेरोइन जब्त

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.50 किलो हेरोइन जब्त की गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि नौशेरा सेक्टर से भारी मात्रा में हेरोइन की जब्ती ने ड्रग तस्करों द्वारा सीमा पार से तस्करी करने के प्रयास को विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब्त की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये की कीमत है। उन्होंने कहा कि आरोपी साजन कुमार (25) और सुभाष चंदर (36) को रविवार देर रात शेर और कनेटी के अग्रिम गांवों में सेना और पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन और लगभग आधा किलो उच्च श्रेणी के नशीले पदार्थ बरामद किए थे।

## सराफा बाजार में मामूली गिरावट सोने-चांदी की कीमत घटी



**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में गिरावट आने से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये से लेकर 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये से लेकर 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत गिर कर 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।
देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।
लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## मांडर में क्रिसमस कार्निवल सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**मांडर :** मांडर पल्ली में रविवार को क्रिसमस कार्निवल सह मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मांडर भिखारिएट के ब्राम्बे, खलारी, मखमंदरो, मकुंदा, नवाटांड़, सिदरौल और अन्य पल्लियों के खीस्त समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन खीस्तीय व्यवसाय समिति मांडर की ओर से किया गया। समारोह की शुरूआत आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा से हुई, जो मांडर पल्ली से निकलकर एनएच-39 से होते हुए टांगर बसली मोड़ तक पहुंची और फिर वापस मांडर पल्ली लौटी। टांगर बसली मोड़ पर पल्ली पुरोहित प्रसन्न तिर्की ने उपस्थित अतिथियों, जिनमें मांडर की सीओ चंचला कुमारी, थाना प्रभारी राहुल कुमार, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और अन्य गणमान्य शामिल थे, के बीच केक बांटा।

इसके बाद पल्ली परिसर में स्थित संत जेवियर्स स्कूल के मैदान में क्रिसमस पर आधारित गीत-संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ा।

कार्यक्रम में फादर जॉन शैलेंद्र टोप्पो, फादर अनुज सोरेन, फादर अल्बर्ट लकड़ा, फादर एडविन मिंज, फादर जॉर्ज, फादर सिजो के साथ-साथ कैथोलिक युवा संघ के सदस्य भी उपस्थित रहे। क्रिसमस की उमंग और सामूहिकता का यह कार्यक्रम लोगों के बीच उत्साह और मिलन का संदेश लेकर आया।

## नहीं रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विजय कुमार सिंह

**दुमका :** झामुमो के महासचिव सह दुमका के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का आज सुबह लगभग 6 बजे देहांत हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शहर के अशोका न्यू केयर हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके देहांत की खबर से दुमका जिला के लोग काफी उदास  बहुत हैं. अनेक लोगों ने उनके देहांत की खबर सुनकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की है.

## 18 से होगी नुक्कड़ सभा : राजकुमार

**साहिबगंज/पतनाः** प्रखंड के धरमपुर पंचायत सचिवालय के बगल में इमली पेड़ के नीचे झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला सहायक मंत्री शकुंतला दास की अध्यक्षता बैठक हुई।बैठक में प्रस्तावित 21 दिसंबर 2024 को बाकुडी रेलवे मैदान में केंद्रीय अधिवेशन होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर बरहरवा,पतना एवं बरहेट प्रखंड के प्रमुख कार्यकताओं के साथ चर्चा किया गया।बैठक में केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर 18 से 20 दिसंबर तक रणधीर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा होगी।वही इस अधिवेशन में केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन और उत्थान के लिए संकल्प लिया जाएगा।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव,लपसा हंसदा,रणधीर प्रसाद चौरसिया,फूल कुमारी देवी, आशा दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**साहिबगंज :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि पर समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल के द्वारा प्रत्येक साल गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है।वही आज शहर के पटेल चौक पर स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि पर अवसर पर कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया।जहां मुख्य अतिथि के रूप मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुमित कुमार पहुंचे।उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिए।वही मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा एवं डॉक्टर सुमित कुमार के द्वारा सैकड़ो गरीब,असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया।इस दौरान मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि ठंड के मौसम में समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल के द्वारा इस तरह गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य काफी सराहना है।वही समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल ने कहा कि प्रत्येक साल सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि एवं 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य करते आ रहे हैं।मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा,सूर्या सुपर स्पेशलिस्ट के डॉ.सुमित कुमार,पूर्व वार्ड पार्षद घनश्याम उरांव,जामुन दास,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**दुमका :** जिला खेल कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इंडोर स्टेडियम दुमका में शनिवार को राष्ट्रीय युवा महोत्सव- 2024-25 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने किया एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2024-25 में भाग लेने वाले  सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि बहुत ही इनोवेटिव तरीके से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से अपने आईडिया को प्रदर्शित किया है।उन्होंने 19 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।महोत्सव के तहत विज्ञान मेला,चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन, भाषण, फोटोग्राफी सहित 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा एक हजार रुपये से लेकर सात हजार रुपये तक नकद पुरस्कार दिये गये।विजयी प्रतिभागियों को उपायुक्त ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आदित्य आनंद,राजीव कुमार शर्मा एवं मुकेश मंडल क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता (संयुक्त) में देवोजन सेन गुप्ता एंड ग्रुप-प्रथम,अंकित कुमार एंड ग्रुप- द्वितीय एवं देव कुमार एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता (संयुक्त) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 7000,5000 एवं 3000 रुपये नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया।

## गोमो में ऑटो पार्ट्स दुकान में चोरी

**धनबाद :** तोपचांची थाना क्षेत्र के गोमो-तोपचांची रोड पर भुईयां चितरो में  शनिवार की रात एहसान ऑटो पार्ट्स दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान का एसबेस्टस शीट तोड़कर अंदर घुसे और करीब 50 हजार रुपये के कीमती  ऑटो पार्ट्स लेकर भाग निकले। दुकानदार इंसानुल ने  बताया कि रविवार की सुबह 9 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा, तो घटना की जानकारी हुई।

धनबाद में कानून की पाठशाला

# पुलिस पदाधिकारियों को जजों ने पढ़ाया अनुसंधान का पाठ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर एक दिवसीय कानून की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें पुलिस को कानून के अनुसंधान के बारे में बताया गया। जिला स्तरीय कैपिसिटी बिल्डिंग सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल कोर्ट में किया गया।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, एसएसपी एच पी जनार्दनन, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, बार एसोसिएशन महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में न्यायाधीश वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेदारी है और कोई भी मसले को समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारियों जो अनुसंधानकर्ता के रूप में केस में अपना योगदान देते हैं। उन्हें संबोधित करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है।

सड़क दुर्घटना के विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने शख्त आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले पर किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना की रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है। ऐसा न करने पर संबंधित थाना के प्रभारी व अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है।

वहीं एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कहा कि पुलिस के पास अत्यधिक कार्य का बोझ होता है। जिस कारण भी कई बार अनुसंधान में कई तरह की त्रुटियां रह जाती है। जिसका फायदा अभियुक्त को मिल जाता है। इसलिए यह कार्यशाला हमारे अनुसंधान कताओं को अनुसंधान में काफी मदद करेगी। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और उससे संबंधित कानून की जानकारी देते हुए न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित आप सबों का अहम रोल है।



नए आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारित निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करें। अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। लोक अभियोजक धनबाद अवधेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट में पुलिस पदाधिकारीयों को अनुसंधान करने के तरीके के विषय में बताया। अधिवक्ता मो। सिराज ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी और कहा कि असावधानी के कारण ही आए दिन दुर्घटना हो जाती है। कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने पीड़ित से संबंधित कानून व उसके पुनर्वास से संबंधित कानून, योजना पर जानकारी दिया। जबकि कुमार विमलेंदु ने पोक्सो एक्ट से संबंधित कानून के विषय में बताया।

डालसा सचिव ने बताया कि कार्यशाला में तमाम न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लोक अभियोजक, अवधेश कुमार, अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, विभिन्न थानों के पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## विलासी देवी की 12वीं पुण्यतिथि पर भोजन और कंबल का हुआ वितरण





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** समाज सेवी व भाजपा नेता राजू प्रसाद कसेरा की माता जी स्वर्गीय विलासी देवी की 12वें पुण्यतिथि के मौके पर चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के समीप जननायक समिति के रात्रि भोजन वितरण कैंप में स्वादिष्ट भोजन का वितरण किया गया। वहीं अत्यधिक ठंड को देखते हुए गरीब और असहायों के बीच 70 कंबल का भी वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता पवन शंकर पाण्डेय, ललित मोहन गिलुवा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, अनूप दुबे, रिक्की छावड़ा, रौशन सिंह, राकेश पिल्लई, सीरत छावड़ा, बासु साव, कबीर पाण्डेय के साथ कई लोग मौजूद थे।

## राजू प्रसाद कसेरा का लक्ष्य और उद्देश्य है मानव सेवा



चक्रधरपुरः राजू प्रसाद कसेरा एक ऐसा नाम है जिनका लक्ष्य और उद्देश्य मानव सेवा, जन सेवा और परोपकारिता है उनके द्वारा हमेशा गरीब असहाय लोगों की सुधि ली जाती है। श्री कसेरा अपने माता बिलासी देवी के पुण्यतिथि पर प्रभुजनों के बीच स्वादिष्ट भोजन का वितरण करने के साथ-साथ भीषण ठंड और कड़ाके की सर्दी के बीच कंबल वितरण कर अद्भूत मानवता और संवेदना का भी परिचय दिया ऐसे व्यक्ति निश्चित तौर पर समाज के लिए गौरव हैं और ऐसे व्यक्ति से प्रेरणा भी मिलती है।

## बोकारो विधायक ने धान अधिप्राप्त केंद्र राधा नगर पैक्स का किया उद्घाटन



**बोकारो :** बोकारो विधानसभा अंतर्गत राधा नगर स्थित धान अधिप्राप्त केंद्र राधा नगर पैक्स लिमिटेड का उद्घाटन विधायक श्वेता सिंह ने किया। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि यह केंद्र सरकार और किसानों के बीच में एक पुल का कार्य करता है। वर्तमान समय में किसान अपनी जमीन में उपजाए हुए फसल को सीधे यहां बेच सकते हैं बीच में कोई भी बिचौलिया किसानों को अब दिग्भर्मित नहीं कर सकता है । झारखंड की इंडी गठबन्धन की सरकार हमेशा ही किसानों के हित में निर्णय लेने में तत्पर रहती हैं जिससे किसानों के परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित होते हैं।  क्षेत्र भ्रमण के दौरान चास नगर निगम स्थित रवींद्र भवन में स्थानीय जनता द्वारा विधायक अभिनन्दन समारोह सम्पन्न हुआ इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि आप सभी के प्रेम और स्नेह के कारण प्रतिनिधित्व का मौका मिला है मै पूरे तन्मयता के साथ आपकी सभी की सेवा करूंगी। बोकारो स्टील सिटी के श्री राम मंदिर मार्केट में ओरमांझी किसान उत्पादक संगठन लिमिटेड के ताजी सब्जियों की दुकान का उद्घाटन किया और उन्हें शुभकामना देते हुए व्यापार में गुणवत्ता का ख्याल रखने की बात कही।

## गांजा तस्करी रोकने को लेकर डीएसपी ने की बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा।** वीर शहीद तेलंगाखड़िया सिमड़ेगा बस पड़ाव में मोटर यूनियन के अध्यक्ष दिलीप तिर्की सहित सभी सदस्यों के साथ सिमड़ेगा डीएसपी बैजू उरांव के साथ एक सामुहिक बैठक की गई। बैठक में एसडीपीओ बैजू उरांव ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान समय मे जिस तरीके से गांजे की तस्करी दूसरे राज्य से हमारे राज्य में बस के माध्यम से बहुत ज्यादा मात्रा में हो रही है। जिसके धर पकड़ के दौरान ऐसी परिस्थिति बन जाती जब बस जब्त की जाती है तो बाकी पैसेंजर को बहुत तकलीफ होती है। साथ ही कानूनी कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण करते 3 से 4 घंटे लग जाते जिससे पब्लिक यह समझती हमे जानबुझ कर परेशान किया जा रहा। इसलिए ऐसे हालात पैदा होने से रोकने के लिए आप सब कर्मी वैसे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके द्वारा ही उनके सामान को खुलवाकर चेक कर लें। और मामला गंभीर होने की स्थिति में पुलिस को बिना देर सूचित करें। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी राहगीरों को बस के यात्रा



के दौरान अनावश्यक तकलीफ न दें। मौके पर अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने भी कहा कि हमारा यूनियन प्रशासन की इस पहल के साथ है। हमारे ओर से अधिक से अधिक सहायता की जाएगी क्योकि ये हमारी नैतिक जिम्मेवारी भी है। साथ ही दिलीप ने आग्रह भी किया, कि बस पड़ाव के दोनों गेट में ऑटो और टुकटुक जैसे वाहन की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। और शाम होते ही नशे का अड्डा बन जाता इन दोनों चीजों से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही रमेश महतो जी, राजेन्द्र जी एवं अन्य लोगों ने भी अपनी बातों को रखा। जिसपर डीएसपी साहब ने पूर्ण मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि जहाँ हमारी मदद की आवश्यकता है हम प्रशासन आपलोगो के साथ हैं। बैठक में बस मोटर यूनियन के सभी पदाधिकारीगण सहित अन्य सभी मौजूद रहे।

## जिले के दोनों विधानसभा में दो लाख सदस्य बनाएगी भाजपा : बड़कुंवर गगराई

### सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यालय में हुई कार्यशाला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार पूरे झारखंड में 22 दिसंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा, कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर विवरण भर कर भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता ने कहा की




बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर भाजपा सदस्य बनाना है अलग-अलग पदाधिकारी के लिए प्रदेश द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।साथ ही 18 एवं 19 दिसम्बर तक सदस्यता अभियान को लेकर मंडल में कार्यशाला कर लेना है और 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान कार्य प्रारंभ कर देना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बड़कुवर गगराई ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम से हम निराश हैं लेकिन हौसला कम नहीं हुआ है संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में भाग लेकर हम संगठन को मजबूत करें एवं आने वाले 2029 के चुनाव में पुनः झारखंड में कमल खिले ये संकल्प लेना है, जिले के दोनों विधानसभा में एक एक लाख भाजपा सदस्य बनना है और संगठन को मजबूत करना है साथ ही सरकार की विफलताओं को जनता के बीच पहुंचना है।

कार्यशाला से पूर्व अतिथियों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गान कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई।

मंच संचालन जिला मंत्री सह सदस्यता अभियान के जिला सहसंयोजक तुलसी कुमार साहू ने किया धन्यवाद ज्ञापन सदस्यता अभियान के सह संयोजन दीप नारायण दास ने किया। कार्यक्रम का समापन कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ महेंद्र भगत के निधन पर उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रधांजलि दिया गया,जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि स्व.डॉ भगत पार्टी के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता थे उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय छति हुई है, ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गविजय सिंहदेव पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा एवं सुजान मुंडा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार २३ मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता माग्रेट बा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष फुलसुन्दरी देवी मंडल अध्यक्ष द्वय दिलीप साहू सकलराम बड़ाईक मुकेश पंडा बालमुकुंद सिंह ओमिन सिंह सुरजन प्रधान मोतीलाल ओहदार ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संभु भगत सुभाष प्रसाद संजय ठाकुर कृष्णा ठाकुर संजय शर्मा रवि वर्मा संटू गुप्ता रमेश साहु अनुप केशरी रामविलास बड़ाईक गजानंद बेसरा बसंत प्रधान मनिंदर बिंझिया घनश्याम सिंह चंदन प्रसून रामेश्वर सिंह सीखा अग्रवाल अमित सिंह आदि मौजूद थे।